इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 | अंक -328 | राजनांदगांव, शनिवार 19 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए



VINIRMIT ASSOCIATES & CONSTRUCTION
« WE BUILD TRUST »
OUR SERVICES
- BUILDING PLANNING, 2D & 3D DESIGNING
- CONSTRUCTION & SUPERVISION WORK.
- BUILDING PERMISSION & DIVERSION.
- CIVIL CONSULTANT & FINANCE ADVISOR & PROVIDER.
- TOWN & COUNTRY PLANNING & LAY OUT WORK.

Er. SAGAR HARIHARNO, B.E.(Civil), Town Planner, O 81036-51143
Er. SAHIL HARIHARNO, B.E.(Civil) M.Tech (Structure), O 97709-50370
OFFICE ADD. : SHRISHTI COLONY, KAMLA COLLEGE ROAD, RAJNANDGAON (C.G.)


## एनडीए में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय, भाजपा 68 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार, जदयू को 2 सीट

नई दिल्ली। एनडीए के सहयोगी दलों के बीच झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा तय हो चुका है। जिसके अनुसार,भाजपा 81 में से 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि एजेएसयू को 10, जेडीयू को 2 और एलजेपी (रामविलास) को 1 सीट दी गई है।

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस) का सीट बंटवारा लगभग तय हो गया है। असम के मुख्यमंत्री और झारखंड के बीजेपी प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार, 18 अक्टूबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीट बंटवारे की घोषणा की। शर्मा ने बताया है कि एनडीए के सहयोगी दलों के बीच सीटों का बंटवारा लगभग तय हो चुका है। इस बंटवारे के अनुसार, भाजपा 81 में से 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि एजेएसयू को 10, जेडी को 2 और एलजेपी (रामविलास) को 1 सीट दी गई है।



### कौन कहां से लड़ेगा चुनाव?

हिमंता बिस्वा सरमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि एजेएसयू पार्टी के लिए सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, इचागढ़, मांडू, जुगसलाई, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा और मनोहरपुर की सीटें तय की गई हैं। वहीं, जेडी जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़ से अपना उम्मीदवार उतारेगी। जबकि एलजेपी (रामविलास) को चतरा विधानसभा सीट दी गई है।

### 2019 के चुनाव में जेएमएम को मिली थी सबसे अधिक सीटों पर जीत

2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेने की पार्टी जेएमएम को 30 सीटों पर जीत हासिल की थी और सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। जबकि भाजपा 25 सीटें ही जीत सकी थी। कांग्रेस ने 16, झारखंड विकास मोर्चा (जेव्हीएम) ने 3, और एजेएसयू ने 2 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इसके अलावा, एनसीपी,सीपीआई-एमएल और आरजेडी को एक-एक सीट मिली थी, जबकि दो निर्दलीय उम्मीदवार भी जीते थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### दो चरण में होंगे चुनाव

चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है। आयोग के अनुसार, राज्य में दो चरणों में मतदान होंगे, जिसमें पहले फेज के लिए 13 नवंबर को और दूसरे फेज का मतदान 20 नवंबर को होगा। पहले चरण में जिन सीटों पर मतदान होगा, उनमें रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर पूर्व, जमशेदपुर पश्चिम, इचागढ़, कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, हटिया, बहारगोड़ा, पांकी, डाल्टनगंज, विश्रामपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर शामिल हैं। वहीं, वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। इसी दिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के भी नतीजे आएंगे।

## तिहाड़ जेल से 872 दिन बाद बाहर आए सत्येंद्र जैन

## आतिशी-सिसोदिया ने गले लगाया; मनी लॉन्ड्रिंग केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत दी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन को जमानत दे दी है। जैन को मनी लॉउंड्रिंग के केस में गिरफ्तार किया गया था, वह तिहाड़ जेल में बंद थे, लेकिन आज उन्होंने राहत की सांस ली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ उन्हें जमानत दे दी है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सत्येंद्र जैन को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके के साथ जमानत दी गई है। कोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए शर्त रखी है कि वह अपने केस के संबंध में किसी से बातचीत नहीं कर सकते हैं।

इसके अलावा देश छोड़कर कहीं नहीं जा सकते हैं। कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा कि इस केस में फिलहाल ट्रॉयल खत्म होता नहीं दिख रहा है, इस कारण से उन्हें जमानत दी जाती है। वह 2 साल से भी अधिक समय से जेल में थे, जैन को मई 2022 में गिरफ्तार किया गया था।

### 10 महीने के लिए बाहर आए थे जैन

पिछले साल के मई महीने में तबियत काफी बिगड़ने के कारण उन्हें ईलाज के लिए जेल से बाहर निकाला गया था। इस दौरान वह जमानत पर करीब 10 महीने के लिए बेल पर रहे थे। इस साल के मार्च में उनकी नियमित जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन कोर्ट ने आदेश देते सरेंडर करने के लिए कहा, जिसके बाद 18 मार्च को वह फिर से तिहाड़ जेल चले गए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ओपन स्कूल परीक्षा की बदली तारीखें, उप चुनाव के बाद होंगी नई समय सारणी जारी



रायपुर (दावा)। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के कारण ओपन स्कूल ने तीसरी मुख्य परीक्षा की तारीखें बदल दी हैं। 10वीं और 12वीं की परिक्षाएं 11 नवंबर से नहीं बल्कि 14 नवंबर से शुरू होंगी। पहले 12वीं की परीक्षा 11 नवंबर को और दसवीं की परीक्षा 13 नवंबर से होने वाली थी।

रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके दूसरे दिन से परीक्षाएं शुरू होंगी। ओपन स्कूल परीक्षा की तिथि पहले ही घोषित हो गई थी जबकि, उप चुनाव की तिथि बाद में घोषित हुई। 11 नवंबर से परीक्षाएं प्रारंभ होने वाली थी।

### नवंबर में आयोजित की जाएगी परीक्षा

ओपन स्कूल के लिए अवसर परीक्षा नवंबर में आयोजित की जाएगी। इससे पहले 2014 में ओपन स्कूल की परीक्षा साल में तीन बार हुई थी, लेकिन तब दो परीक्षा अवसर के रूप में थी। यानी इस परीक्षा में केवल वही छात्र शामिल हुए थे जो फेल हुए थे।

### ये रहेगा परीक्षा का समय

पहली बार साल में ओपन स्कूल की तीनों परीक्षा मुख्य परीक्षा के रूप में हो रही है। परीक्षा का समय प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक निर्धारित है। इस दौरान यदि शासन कोई अवकाश या स्थानीय अवकाश घोषित करती है तो भी परीक्षाएं यथावत संचालित होंगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सलमान को पांच करोड़ रुपये की फिरौती और जान से मारने की धमकी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर से पांच करोड़ रुपये की फिरौती की धमकी मिली है और कहा गया है कि अगर वह ये रकम नहीं देते हैं तो उन्हें गोली मार दी जायेगी।

पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने खूंखार लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक गैंगस्टर द्वारा यह धमकी दिए जाने का संदेह जताया है। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस ने सलमान के घर, गोरेगांव फिल्म सिटी और अन्य स्टूडियो में उनकी शूटिंग, उनके कार्यालय, परिवार के कंट्री हाउस, पनवेल (रायगढ़) में अर्पिता फार्म्स और अभिनेता के काम पर आने-जाने के रास्तों तथा उनके आगंतुकों पर कड़ी निगरानी बढ़ा दी गयी है।



अधिकारियों के मुताबिक मुंबई यातायात पुलिस को जबरन वसूली की धमकी मिली थी, जिसमें कथित तौर पर अभिनेता और जेल में बंद बिश्नोई के बीच चल रहे टकराव को सुलझाने के लिए पांच करोड़ रुपये की रकम देने की बात कही गयी है।व्हाट्सएप पर आए धमकी भरे संदेश में कहा गया था, अगर सलमान जिंदा रहना चाहते हैं और बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं, तो उन्हें पांच करोड़ रुपये देने होंगे। इसे हल्के में न लें, वरना उनकी (सलमान) हालत बाबा सिद्दीकी से भी बदतर हो जायेगी। संदेश में चेतावनी दी गई थी कि अगर फिरौती की रकम नहीं दी गयी, तो सलमान का हाल राष्ट्रवादी कांगेस पार्टी नेता एवं पूर्व मंत्री बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी से भी बदतर हो सकता है, जिनकी 12 अक्टूबर को बांद्रा ईस्ट में बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मुंबई पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए धमकी भेजने वाले के पिछले रिकॉर्ड, जबरन वसूली-मौत की धमकी के पीछे उसके इरादे आदि की जांच शुरू कर दी है।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में 5 और आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ एनसीपी (अजित पवार) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस हत्याकांड में अब तक कुल 9 आरोपियों को क्राइम ब्रांच गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके बारे में अभी ज्यादा खुलासा नहीं किया है। मामले की जांच में पुलिस की 15 टीमें शामिल थीं, कुछ टीमें अलग-अलग राज्यों में भी भेजी गई थीं। इस बीच, दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने आज महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम व गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की।

#### लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है संबंध

क्राइम ब्रांच ने खुफिया जानकारी के आधार पर रायगढ़ जिले के पनवेल और कर्जत में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए आरोपी हत्याकांड की साजिश रचने और उसे एक्सीक्यूट करने में शामिल थे। अधिकारी ने यह भी खुलासा किया कि गिरफ्तार किए गए लोगों का संबंध लॉरेंस बिश्नोई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हरियाणा सरकार लागू करेगी कोटे के अंदर कोटा



### नायब की पहली कैबिनेट बैठक में आरक्षण पर फैसला

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। शुक्रवार को नायब सैनी ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक भी ली। नायब सैनी ने पहली कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। इस दौरान नायब सरकार ने आरक्षण को लेकर भी बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि अनुसूचित जाति के आरक्षण में उप-वर्गीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को अधिकार दिया था।

ऐसे में अब अनुसूचित जातियों की जो जातियां वंचित रह गई हैं, उनके लिए कोटा बनाकर आरक्षण दिया जाएगा। बता दें कि हरियाणा सरकार अब अनुसूचित जातियों में शामिल अन्य जातियों को कोटे के अंदर कोटा देगी।

### कांग्रेस पर बोला हमला

हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। वहीं, नायब सिंह सैनी दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री बने हैं। कैबिनेट बैठक के बाद नायब सिंह सैनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। यह गरीब व्यक्तियों के द्वारा चुनी गई सरकार है। इस दौरान कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठ फैलाने का काम किया है। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को भ्रमित किया है। कांग्रेस ने किसानों को भड़काने का भी काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने युवाओं को अंधविश्वास में धकेल का प्रयास किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कैबिनेट बैठक के बाद बोले सीएम

* अनुसूचित जातियों में वर्गीकरण के एससी का फैसला आज से लागू किया जाएगा।
* क्रॉनिक किडनी रोगियों को निशुल्क इलाज मिलेगा।
* सीएम ने कहा कि किसानों का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदेंगे।
* प्रदेश में 17 प्रतिशत धान नमी तक एमएसपी पर खरीदा जाएगा
* नायब सैनी ने कहा कि करीब 23.21 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हो गई है।
* उन्होंने कहा कि 11 लाख मैट्रिक टन धान का उठान हुआ है।
* 3 हजार 56 करोड़ रुपये ट्रांसफर किया है।
* 2.70 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद कर चुके हैं।
* 93 लाख मीट्रिक टन बाजरे का उठान हुआ है।
* बाजरे की खरीद का 331 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं।
* युवाओं को रोजगार देना हमारा दायित्व है।
* कांग्रेस युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही थी।
* कांग्रेस राज में पर्ची खर्ची के साथ नौकरी मिलती थी।
* हमारी सरकार ने बिना पर्ची खर्ची के नौकरी दी।
* आने वाले 5 सालों में हरियाणा का और विकास होगा।

## बस में मिला 10 करोड़ का सोना, जगदलपुर से बस में रायपुर लाया गया



पुलिस की निगरानी टीम ने पकड़ा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुक्रवार को 10 करोड़ का सोना पकड़ा गया है। भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में पुलिस को सोना मिला है। सोना जगदलपुर से रायपुर लाया गया था।

उल्लेखनीय है कि, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है। इसी के चलते पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को बस में चेकिंग के दौरान पुलिस के हाथ 10 करोड़ रुपयों का साना लगा है। पुलिस ने उक्त सोने को जब्त कर जीएसटी विभाग को सौप दिया है।

### जेवरों का कुल वजन 12 किलो 800 ग्राम

पकड़े गए सोने का वजन 12 किलो 800 ग्राम है। इसकी बाजार में कीमत लगभग 10 करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस के मुताबिक, सोना रायपुर के एक कारोबारी का है। पुलिस उक्त कारोबारी के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस ने अभी कारोबारी के नाम का खुलासा नहीं किया है।

पुलिस ने यह भी बताया कि, कारोबारी के कर्मचारी ये सोना लेकर कुछ दिन पहले जगदलपुर गए थे। वहां कुछ माल की डील हो गई, बचा हुआ सोना लेकर वे लौटे थे। इसी बीच चेकिंग में पकडे गए। हालांकि जांच में पुलिस को गहनों से जुड़े कागजात नहीं दिखा पाए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उमर अब्दुल्ला कैबिनेट का जम्मू-कश्मीर पर बड़ा कदम, राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पारित किया गया। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार से राज्य का दर्जा बहाल करने की अपील की। सूत्रों की मानें तो प्रस्ताव का मसौदा तैयार कर लिया गया है और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आने वाले दिनों में दिल्ली आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह मसौदा सौंपेंगे।

### उमर अब्दुल्ला ने की बैठक की अध्यक्षता

बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने की। इसमें उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी और मंत्री सकीना मसूद इट्टू, जावेद अहमद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा शामिल हुए। जेकेपीसीसी (जेके प्रदेश कांग्रेस कमेटी ) अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने पत्रकारों से कहा कि हमारी पार्टी तब तक जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगी, जब तक कि राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता।

### केंद्र जल्द ही राज्य का दर्जा बहाल करेगी

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने भरोसा जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेगी। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी इस बारे में बात की है और आज भी सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने के भीतर राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है। मुझे यकीन है कि भारत सरकार जल्द ही इसे बहाल करेगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)


सुपर स्पेशलिटी डॉ. टीम की ओ.पी.डी. सेवाये

आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी क्लिनिक

राजनांदगांव मेडिकोज | 7869899833, 8871626367

| | |
|---|---|
| डॉ. नवीन राम दारूका, M.CH (UROLOGY) BHU | पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ – प्रत्येक शनिवार - दोप. 2 :30 से 3 :30 बजे |
| डॉ.आर. के. साहू, MD (MEDICINE) DM (NEPHROLOGY) KOL. | किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ – प्रत्येक गुरुवार - दोप. 3 से 4 बजे |
| डॉ. कुलदीप सिंह, MS, M.CH (NEURO) | नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ – प्रत्येक शनिवार - दोप. 3.30 से 4.30 बजे |
| डॉ. रैनी अग्रवाल, IVF SPECIALIST, COSMETIC GYNAECOLOGIST, | नि:संतानता (IVF) एवं कॉस्मेटिक गायनोकॉलोजी विशेषज्ञ – प्रत्येक रविवार - दोप. 12 से 2 बजे |
| डॉ. नमन पिंचा, MBBS, MS (ENT) | नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ – प्रत्येक शनिवार - सुबह 10 से 12 बजे |
| चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग संबंधित सुविधाएं | चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ – प्रत्येक बुधवार सुबह 9 :30 से 11:30 |

राजनांदगांव मेडिकोज, सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास, जी.ई. रोड


## भाजपा का सदस्यता अभियान : सीएम सहित सारे मंत्री 10 हजार सदस्य बनाने में सफल, आधे विधायक अब भी लक्ष्य से दूर



रायपुर। प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्री दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। इसी के साथ करीब डेढ़ दर्जन विधायक भी लक्ष्य को पार करने में सफल हुए हैं, लेकिन अब भी 50 फीसदी से ज्यादा विधायक लक्ष्य से दूर हैं।

इसी के साथ एकमात्र सांसद केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही 20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं, बाकी सांसद लक्ष्य से काफी दूर हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने रायपुर प्रवास के दौरान इस मामले में नाराजगी भी जता चुके हैं। प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी अपने लक्ष्य को लेकर जुटे हुए हैं और अपने लिंक से अपने समर्थकों के माध्यम से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में आधे से ज्यादा विधायक और दस सांसद अभी कोसों दूर हैं।

### सभी मंत्री बने दस हजारी

सभी मंत्री अब दस हजार का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल हो गए हैं। सबसे पहले दयालदास बघेल ने दस हजार का लक्ष्य पार किया था। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। इसके बाद लक्ष्मी राजवाड़े ने अपना लक्ष्य प्राप्त किया। अब प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन और रामविचार नेताम भी सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार हो गए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)


शिव शक्ति इन्टरप्राईजेस

हमारे यहां सभी प्रकार के फटाखे थोक एवं चिल्हर भाव में उपलब्ध है...



नवागांव बाबूटोला, प्रो. नितिन बारस्कर
मो.98271-02566, 91318-15462

# दीपावली के समय चल रहा अवैध कब्जा हटाओ अभियान

## अतिक्रमण तोड़ूदस्ते को विरोध का करना पड़ रहा सामना, लखोली क्षेत्र की महिला ने कहा, चिट्ठी लिखकर कर लुंगी आत्महत्या, बैरंग लौटे दस्ता

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों दीपावली पर्व मनाने की जोरदार तैयारियां चल रही है। लोग अपने घर-दुकान, मकान, कार्यालय, कारखाने, आदि की साफ-सफाई, रंगरोगन कर चकाचक करने के कार्य में जुटे हुए हैं। कच्चा-पक्का घर हो या मकान उसकी छबाई-मुंदाई से लेकर छुहाई- पुताई का कार्य भी धड़ल्ले से जारी है।

दीपावली पर्व की ऐसी हाड़तोड़ तैयारी के समय नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान, अवैध कब्जा तोड़ो अभियान छेड़ा जाना लोगों को उचित नहीं जान पड़ रहा और लोग इसके विरोध में सामने आ रहे हैं। बता दें कि नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दल, अवैध कब्जा तोड़ूदस्ता मौके पर पहुंचकर अपने कार्य को अंजाम देने के लिए अतिक्रमणकर्ताओं पर कार्रवाई करना चाह रहे हैं लेकिन लोगों के विरोध के चलते उनकी दाल नहीं गल रही, अंत में उन्हें कार्रवाई से कदम पीछे खींच लेने पड़ रहे है। गुरुवार को निगम का अतिक्रमण तोड़ूदस्ता स्टेशन रोड के मिलन होटल समीप शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर चलाएं जा रहे, ठेले को हटाने पहुंचे। लेकिन लोगों के विरोध के चलते अवैध कब्जा तोड़ू दस्ते को बैरंग वापिस लौटना पड़ा। बताया जाता है कि स्टेशन रोड पर उक्त होटल के पास संचालित दो पान ठेले वालों को माह भर पहले अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया जा चुका है। इसमें से एक किसी महराज का ठेला है लेकिन ठेले वाले सहित आसपास के लोगों ने सामने आ रहे दीपावली पर्व की तैयारियां को देखते हुए ठेले को हटाए जाने का विरोध करना शुरू कर दिया। इससे अतिक्रमण हटाओ दल को वापस लौटना पड़ा।

### लखोली में नहीं हटा पाए अतिक्रमण

बता दें कि अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे शहर भर में चल रहा है। इसके लिए नगर निगम द्वारा शहर के 51 वार्डो के लिए अलग-अलग अतिक्रमण तोड़ूदस्ता बनाया गया है। जिनके द्वारा वार्डो में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।



कभी - कभार तो अतिक्रमण विरोधी दस्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करना शुरू कर देता है जिससे लोगों के विरोध का सामना बहुत कम हो पाता है।

दो दिन पहले लखोली वार्ड नं 36 में सड़क किनारे बरसों से रह रही एक अनुसुचित वर्ग की महिला के कच्चे मकान को ढहाने के लिए अतिक्रमण तोड़ूदस्ता पहुंच गया। लेकिन महिला का रौद्र रूप देखकर दस्ते को वापिस लौटनी पड़ी। बताया जाता है कि दो-तीन साल पहले उक्त कथित अतिक्रमण को हटाने का भरसक प्रयास किया गया। लेकिन लोगों के विरोध के चलते अतिक्रमण हटाओ अभियान द्स्ता कामयाब नही हो पाया था।

दो दिन पहले फिर से उक्त सड़क किनारे बने टीन-टप्पर वाले कच्चे मकान को हटाने का फिर से प्रयास किया गया, तो महिला ने उसके मकान जबरिया तोड़े जाने पर चिट्ठी लिखकर आत्मघात कर लेने की बात कही इससे अतिक्रमण तोड़ू दस्ता डर कर वहां से निकल लिए। बताया जाता है कि उक्त अतिक्रमण को पुलिस बल लेकर जाने वाले थे। लेकिन व्यस्तता के चलते नहीं जा पाए। सिर्फ अतिक्रमण कर्ताओं को हटाने के लिए कहा गया लेकिन उक्त महिला द्वारा उग्र रुख अख्तियार किए जाने व चिट्ठी लिखकर आत्मघात कर लेने की धमकी के बाद कदम वापिस लेने पड़ गए।

बताया जाता है कि लखोली रोड में सड़क किनारे कथित रूप से अतिक्रमण कर मकान बना कर रहने वाली महिला का कहना है कि उसकी कितने दिनों की जिंदगी है। जब तक वह जीवित है तब तक उसे चैन से रहने दिया जाए। लखोली रोड में सड़क किनारे बने उक्त छोटे से कच्चे मकान को लेकर किसी को आपत्ति नहीं है लेकिन कुछ पैसे वाले लोगों की आंखों की किरकिरी बने उक्त मकान को हटाने के लिए उपरी स्तर पर दबाव बनाया जा रहा है। इसके चलते बार-बार नगर निगम का दस्ता उक्त अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पहुंच जाता है। लेकिन लोगों के विरोध के चलते उक्त अतिक्रमण हटाने का कार्य बार-बार निष्फल हो जा रहा है। वैसे इस समय देश का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली की तैयारी हर लोगों द्वारा की जा रही है। ऐसे समय बेवजह अतिक्रमण हटाने के नाम पर बे-वजह कार्रवाई कम से कम इस समय लोगों द्वारा बर्दाश्त नहीं की जा रही। इसलिए अतिक्रमण हटाओ दस्ता द्वारा कार्रवाई से हाथ खींच लिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर में अतिक्रमण व अवैध कब्जा हटाया जाना चाहिए लेकिन दीपावली पर्व के समय का चुनाव ठीक नहीं है। यह कार्य दीपावली के बाद भी किया जा सकता है।

> शहर में अतिक्रमण हटाए जाने का कार्य रुटीन में रहता है। इसके तहत अवैध कब्जा हटाए जाने की कार्रवाई की जा रही है।
>
> **- यू. के. रामटेके, कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम (राज.)**

## पहला कॉलम...

### कल जिला झेरिया धोबी समाज की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। जिला झेरिया धोबी समाज के अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला झेरिया धोबी समाज का बैठक 20 अक्टूबर दिन रविवार को चिखली दीनदयाल नगर स्थित सामाजिक भवन में समय 12 बजे कार्यकारिणी बैठक आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा है कि जिले के समस्त परिक्षेत्र एवं जिला पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। उन्होंने स्वजाति भाईयों एवं परिक्षेत्र सहित जिला पदाधिकारी को किसी प्रकार का सूचना नहीं मिल पाए तो इसे ही सूचना समझकर उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

### राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुडे लेंगे बैठक

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे 19 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित अल्पसंख्यक योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### अमन सांखला का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय नंदई चौक निवासी जीवन लाल सांखला के सुपुत्र अमन सांखला उम्र 32 वर्ष का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। इनकी अंत्येष्टि दोपहर 12:00 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम में की गई। अमन अपने पीछे भाई नयन सांखला, चाचा लक्ष्मी चंद सांखला सहित भरापुरा परिवार छोड़ गया है।

### पंडरिया पुलिस ने 15 घंटे में गांव से गुम हुई तीन नाबालिग बालिकाओं को किया बरामद

कवर्धा (दावा)। जिले की पंडरिया पुलिस ने थानाक्षेत्र से गुम हुई तीन बालिकाओं को सूचना के 15 घंटे के भीतर ही बरामद कर लिया तथा परिजनों को सौंप दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 17.10.2024 की रात्रि लगभग 10 बजे प्रार्थी एवं ग्रामीणों द्वारा थाना पंडरिया में सूचना दर्ज कराई गई कि उनके ग्राम के शासकीय स्कूल से छुट्टी होने के बाद तीन नाबालिग बालिकाओं को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाया गया है। सूचना प्राप्त होते ही थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 349/24, 350/24, 351/24 धारा 137(2) भान्यास. के तहत मामला दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। थाना प्रभारी नितिन तिवारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर खोजबीन शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा आस-पास के क्षेत्रों में जांच-पड़ताल प्रारंभ की गई। दिनांक 18.10.2024 को सूचना मिली कि थाना लोरमी क्षेत्र में अपहृत बालिकाएं देखी गई हैं। पुलिस टीम तत्काल लोरमी रवाना हुई और वहां की स्थानीय पुलिस की मदद से बालिकाओं को बरामद किया।

# गायत्री स्कूल में क्वीज प्रतियोगिता संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। इंटैक (भारतीय सांस्कृतिक निधि) द्वारा 18 अक्टूबर को गायत्री पब्लिक स्कूल के हॉल में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त क्वीज प्रतियोगिता में शहर के 10 स्कूलों के लगभग 106 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें कक्षा 7वीं से कक्षा 11वीं तक के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जो महारानी लक्ष्मी बाई हायर सेकेण्ड्री स्कूल, ठाकुर प्यारेलाल हायर सेकेण्ड्री स्कूल, आत्मानंद हायर सेकेण्ड्री स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, गायत्री इंग्लिश मिडियम स्कूल, युगांतर पब्लिक स्कूल, नीरज पब्लिक स्कूल, रॉयल किड्स कॉनवेन्ट, वेसलियन हिन्दी मीडियम स्कूल, गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थी लिखित क्वीज प्रतियोगिता में भाग लिया।

क्वीज प्रतियोगिता में 20 प्रश्न राष्ट्रीय स्तर, प्रदेश स्तर व इंटैक से संबंधित थे। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वेसलियन हिन्दी मीडियम हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल के कुमारी प्रकृति यादव एवं भावना साहू कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया गया। द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से गायत्री विद्यापीठ के गौरी पटेल एवं गरिमा वर्मा कक्षा 10वीं एवं हिमांशी सोनकर एवं चैतन्य नाग कक्षा 10वीं को प्राप्त हुआ, तृतीय स्थान रॉयल किड्स कॉनवेन्ट की प्रणव खण्डेलवाल एवं बिशेर राय कक्षा 8वीं ने प्राप्त किया। इसके पश्चात प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों के बीच ओरल प्रश्नोत्तरी भी संपन्न हुई। बाकी विद्यार्थियों में ने भी प्रश्न पत्र अच्छे से हल किए लेकिन 1-2 नंबर से ही स्थान पाने से चुक गए इंटैक राजनांदगांव अध्याय के कन्वीनर डॉ. आनंद वर्गीस ने बताया कि, सभी विद्यार्थियों ने जोश के साथ क्वीज प्रतियोगिता में भाग लिया सभी शालाओं के शिक्षकों जिन्होंने विद्यार्थियों को क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु गायत्री पब्लिक स्कूल में लेकर आए उनकों बधाई दी गयी।

ला. दिलीप खण्डेलवाल व योगेश गुप्ता ने उपरोक्त क्वीज प्रतियोगिता में अलग-अलग कक्षों में संचालित किया गया, साथ ही विशेष सहयोग लायन्स क्लब ऑफ नांदगांव का भी रहा जिनके सहयोग से 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्वीज प्रतियोगिता पेपर जाँचने में उपस्थित विभिन्न शालाओं की मैंडम ने सहयोग प्रदान किया।

उक्त क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम आये दोनों विद्यार्थियों को 5 नंवम्बर को रायपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य स्तरीय में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले शालाओं के विद्यार्थियों को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। उक्त विद्यार्थियों को इंटैक भारतीय सांस्कृतिक निधि राजनांदगांव चैप्टर की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। उक्त जानकारी इंटैक के पी.आर.ओ. योगेश गुप्ता ने दी।

# कांग्रेस पार्टी किसानों की आड़ में धान खरीदी को लेकर ओछी राजनीति कर रहे हैं - अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों की आड़ में धान खरीदी को लेकर ओछी राजनीति कर रहे हैं। ज्ञात हो कि कांग्रेस ने 1 नवंबर से धान खरीदी की मांग की है सर्वविदित है कि दीपावली पर्व 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलेगा और इन दिनों दीपावली पर्व की छुट्टी भी रहेगी, ऐसे मे धान खरीदी कैसे की जा सकती है। वर्तमान समय में इक्का-दुक्का धान कटाई शुरू हुआ है वास्तविक धान कटाई आठ से 10 नवंबर के आसपास प्रारंभ होगी। इस हिसाब से भाजपा की विष्णु देव सरकार ने 14 नवंबर से धान खरीदी का निर्णय सही है।

कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि पिछले साल 31 जनवरी तक धान की खरीदी नहीं कर पाई थी तब विष्णु देव सरकार ने 5 फरवरी तक धान खरीदी का समय बढ़ाया था कांग्रेस से अधिक भाजपा सरकार को किसानो की चिंता है ऐसे में कांग्रेस ओछी राजनीति छोड़कर किसानों के हित में कार्य करने की नीति अपनाएं। भाजपा किसान हितैषी पार्टी है हरियाणा चुनाव में किसानों ने कांग्रेस के झूठ को सिरे से खारिज कर दिया, ये पब्लिक है सब जानती है।

### मिथिलाधाम मंदिर की महिला मंडल सरयू नदी में कार्तिक स्नान के लिए रवाना

राजनांदगांव (दावा)। मिथिला धाम मंदिर के महिला मंडल के वयोवृद्ध सदस्य श्रीमती उषा देवी चौधरी के नेतृत्व में पवित्र सरयू नदी में कार्तिक स्नान के लिए रवाना हो गए हैं। पूज्य मोनी बाबा के निर्देशानुसार सरयू नदी तट पर स्थित लक्ष्मण किला आश्रम में सभी भक्तगण निवास करेंगे और एक महीने कार्तिक एकम से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक प्रतिदिन सूर्योदय के पूर्व पवित्र सरयू नदी में स्नान ध्यान करेंगे। ज्ञात हो कि अयोध्या में कार्तिक महीने में एक माह का कल्पकुंभ लगता है, इसी तरह इलाहाबाद में माघ महीने में कल्पकुंभ लगता है। इस वर्ष इलाहाबाद में कुंभ मेला भी लगने वाला है, मिथिलाधाम मंदिर मौनी बाबा के संरक्षण में सभी धार्मिक उत्सव में भक्तगण उत्सवपूर्वक हिस्सा लेकर धर्म का लाभ उठाएंगे।

### एक दिवसीय विशेष युवोदय कार्यक्रम संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में एक दिवसीय विशेष युवोदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य अतिथि के रूप में बाल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. चेतना देसाई विशेष रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी युवोदय स्वयंसेवियों को बधाई दी और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। बाल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. चेतना देसाई ने युवोदय स्वयंसेवियों से बाल सुरक्षा, शिक्षा, स्वच्छता जैसे विभिन्न विषयों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम के संचालन, कार्य करने के विभिन्न क्षेत्र, कार्य करने के तरीके एवं प्रशासन द्वारा मिलने वाली सहायता जैसे विभिन्न विषयों पर विशेष चर्चा की। बाल सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ. चेतना देसाई ने युवोदय स्वयंसेवियों के जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए समाज में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में यूनिसेफ जिला समन्वयक सुश्री दिव्या राजपूत, शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी के कार्यक्रम प्रभारी श्री ओमप्रकाश सहारे, युवोदय स्वयंसेवी विनोद कुमार टेम्बुकर के साथ शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव तथा नवीन महाविद्यालय अर्जुनी, कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव तथा नवीन महाविद्यालय घुमका एवं बड़ी संख्या में युवोदय स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

> बाल सुरक्षा, शिक्षा, स्वच्छता जैसे विभिन्न विषयों के संबंध में दी गई जानकारी

# उपायुक्त ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक



राजनांदगांव (दावा)। उपायुक्त मोबीन अली ने टाउनहाल सभागृह में आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर राजस्व विभाग के राजस्व उप निरीक्षकों एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों की समीक्षा बैठक में वसूली के संबंध में वार्डवार जानकारी ली और तीन दिवस के अंदर डिमाण्ड दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

उपायुक्त श्री अली ने समीक्षा बैठक के दौरान समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी को अपने प्रभारित वार्ड की इस वित्तीय वर्ष के कुल मांग एवं वसूली (चालू एवं बकाया सहित पृथक-पृथक) सहित प्रवृष्टि कर वार्डवार पंजी, जिसमें उस वार्ड के सम्पतिकर दाताओं, गैर सम्पतिकर दाताओं एवं जलकर दाताओं के संख्यावार पृथक-पृथक प्रविष्टि की व वसूली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन कर नये सिरे से सही डिमाण्ड तैयार किया जा रहा है, कुछ वार्ड प्रभारियों के द्वारा डिमाण्ड दुरूस्त नही किया गया, जिसके लिये आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की जा रही है, उनके द्वारा कहा गया है कि जिन वार्ड प्रभारी ने डिमाण्ड दुरूस्त नही किया है और जिनकी वसूली कम है उन्हें नोटिस जारी कर कार्यवाही करें। समीक्षा की कड़ी में उपायुक्त श्री अली ने कहा कि नये डिमाण्ड के आधार पर प्रतिदिन की गई वसूली को संग्रहण पंजी में तिथिवार पृथक-पृथक इंद्राज करे तथा जल कर वसूली करने सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारियों को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि जल विभाग से नये नल कनेक्शन की जानकारी लेवे और उसे डिमाण्ड में चढ़ाकर उसके अनुसार वसूली करे।

इसी प्रकार भवन नजूल विभाग से नये घर की जानकारी लेकर डिमाण्ड में जोड़े। उन्होंने कहा कि आयुक्त द्वारा स्वयं वार्डो में जाकर भौतिक सत्यापन किये एवं पुराने डिमाण्ड से मिलान कर कम डिमाण्ड पर नया विवरणी भरने के निर्देश दिये है, साथ ही करदाताओं को अवगत कराकर उसके अनुसार वसूली करने कहा गया है। कुछ करदाता नये डिमाण्ड में पॉच गुना फाईन लगाकर अधिक वसूली करने की शिकायत कर रहे है, उन्हें समझाये कि आपका विवरणी कम भराया था जिसे वास्तविक नाप के अनुसार दुरूस्त किया गया है और वह फाईन नहीं है बल्कि अंतर की राशि है। उन्होंने आयुक्त के निर्देशानुसार तीन दिन में डिमाण्ड दुरूस्त कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये है। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त श्री अली ने ऑनलाईन वसूली हेतु करदाता का नाम एवं मोबाईल नम्बर लाने के निर्देश दिये, ताकि ऑनलाईन वसूली करने प्रक्रिया की जा सके तथा मोबाईल नम्बर में मेसेज के माध्यम से कर की राशि की सूचना दी जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना दुकान किराया एवं निगम स्वामित्व की दुकानों की किराये वसूली के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित को वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शेष दुकानों की प्रीमियम की राशि एवं अनुबंध करा किराया वसूली करे, इसके लिये नोटिस जारी करे। बैठक में समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

> आयुक्त के निर्देशानुसार तीन दिन में डिमाण्ड दुरूस्त करने के दिये निर्देश

**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

रोजाना 4 खेलों में

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि

छत्तीसगढ़ी भाषा में

**दस्तावेज**

कलाकार - अनील सिन्हा, सुमन पटनायक आदि।




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
18th OCT to 24th OCT 2024




Singham 06:15 & 09:15 pm | Balifool Welcome to Bastar (C.G) - 12:15 & 03:15 pm | Vicky Vidya Ka Who Wala Video - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm | Jigra - 03:00 and 09:00 PM | Vettaiyan - 12:00 and 06:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**किराये से देना है**

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-7-5
230-5 349-6
राजधानी
2-4-6
580-3 166-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202410092 1000101
अ/2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सीमा बोदलकर पति विनोद बोदलकर जाति महार, निवासी आम्बेडकर वार्ड नंबर 10 कालकापारा डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक द्वारा ग्राम अछोली, प.ह.नं. 22 स्थित भूमि खसरा नंबर 271 में से का रकबा 0.045 हे. को पंजीबद्ध बयनामा द्वारा क्रय किया गया है। उक्त भूमि पटवारी अभिलेख में खसरा नंबर 271/2 रकबा मे से 0.028 हे. आवेदक के नाम पर भूमि स्वामी हक पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को निवास प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग. भू. रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया हैं।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 06/11/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**//निविदा सूचना//**

क्रं860/ निविदा / लोक -11 /2024-25 — राजनांदगांव दिनांक 17/10/2024

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि रू. लाख में | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड नं.08 स्कूल मैदान स्थित सामुदायिक भवन में टाईल्स, सिनेटरीय, विद्युतीकरण एवं अन्य मरम्मत कार्य | 1.50 | 8-11-2024 |
| 2 | वार्ड नं. 44 माणिक जांगडे के घर से सतनामी पारा के पास नाली मरम्मत कार्य | 1.50 | 8-11-2024 |
| 3 | वार्ड नं. 37 रामदेव बाबा मंदिर के पास शेड, भवन, विद्युतीकरण एवं चेनल गेट मरम्मत कार्य | 1.50 | 8-11-2024 |
| 4 | वार्ड नं.44 महेश नगर मे सामुदायिक भवन मे रंग-रोगन एवं मरम्मत कार्य । | 1.50 | 8-11-2024 |
| 5 | वार्ड नं. 37 रामदेव बाबा मंदिर के पास शौचालय मे दरवाजा एवं शौचालय के ऊपर टंकी एवं मरम्मत कार्य | 1.50 | 8-11-2024 |
| 6 | वार्ड नं. 08 मोतीपुर रामनगर सार्वजनिक भवन मे मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य । | 1.03 | 8-11-2024 |
| 7 | वार्ड नं. 36 संजय नगर गार्डन के सामने सार्वजनिक भवन में पेंटिंग एवं मरम्मत कार्य । | 0.75 | 8-11-2024 |
| 8 | वार्ड नं. 48 सोनकर पारा सुलभ शौचालय मरम्मत कार्य | 1.49 | 8-11-2024 |
| 9 | वार्ड नं. 01 बापूटोला स्थित सामुदायिक भवन में टाईल्स, फ्लोरिंग, प्लास्टर एवं मरम्मत कार्य | 1.50 | 8-11-2024 |
| 10 | वार्ड नं. 08 स्कूल मैदान स्थित सामुदायिक भवन में टाईल्स, सिनेटरीय, विद्युतीकरण एवं अन्य मरम्मत कार्य | 1.50 | 8-11-2024 |

उपराक्त निर्माण कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य 'शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय,नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोककर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn. com&http:// www.uad. cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, 'शुद्धिकरण एवं अमेडमेंन्ट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा । वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा ।

आ.क्र. 113/ जसं/24

**आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव**

# प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

रायपुर (दावा)। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत केन्द्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति योजना के लिए सत्र 2024-25 के आवेदन शुरू कर दिया गया हैं।

इस योजना के तहत कॉलेज और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय ई-छात्रवृत्ति पोर्टल https://scholarships.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। वर्ष 2019 से 2023 तक के विद्यार्थियों के नवीनीकरण के साथ-साथ वर्ष 2024 के लिए नवीन आवेदन 31 अक्टूबर तक स्वीकर किए जाएंगे। छात्रवृत्ति और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारी मंडल की वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए एनएसपी की हेल्पलाइन नंबर 0120-6619540 पर संपर्क कर सकते हैं।

नवीनीकरण आवेदको हेतु संशोधित दिशा-निर्देश जारी किया गया है, जारी निर्देश के अनुसार जो छात्र पिछली बार आवेदन नहीं कर पाए थे, उन्हें अब नवीनीकरण के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जाएगी, यदि वे पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं। उनकी ओटीआर आईडी एनआईसी-एनएसपी द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी, और सत्यापन के बाद वे सत्र 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षा मंत्रालय ने सभी शैक्षणिक संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे अपने विद्यार्थियों का समय-सीमा पर आवेदन पूर्ण कराए।

# त्योहारी सीजन में शहर में लोगों की खरीददारी के लिए उमड़ रही भीड़



राजनांदगांव (दावा)। सामने दीपावली पर्व सहित करवाचौथ, धनतेरस रुप चतुर्दशी व गोवर्धन पूजा भाई दूज, छठ पर्व की लंबी श्रृंखला बनी हुई है। आशय यह कि अभी त्योहारी सीजन बना हुआ है। शहर के बाजार में दूर-दूर से लोग त्योहारी खरीदी के लिए आ रहे हैं। इससे बाजार में भीड़ का आलम बना हुआ है। लेकिन शहर में नो-पार्किंग की व्यवस्था न होने तथा बाजार के व्यवसायियों द्वारा सड़क तक फैलाकर दुकानदारी किए जाने के कारण बाजार में हर पल जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इससे शहर की यातायात व्यवस्था बूरी तरह प्रभावित होने लगा है। इधर बाजार में चारपहिया वाहनो के बेधड़क प्रवेश से यातायात पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। भीड़ की अधिकता के चलते लोगों को यातायात जाम में फंसकर छटपटा कर रह जाना पड़ रहा है।

### नो-पार्किंग बनी समस्या

शहर में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग के नहीं होने की है। समाचार पत्रों से लेकर लोगों द्वारा बार-बार मौखिक ध्यान आत्कृष्ट कराए जाने के बावजूद शहर में पार्किंग समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। नगर निगम द्वारा इसके लिए कोई विशेष पहल नहीं की जा रही।

इसका खामियाजा लोगों को शहर में हर पल लगने वाली यातायात जाम में फंस कर उठानी पड़ रही है। शहर में सबसे ज्यादा यातायात जाम का शिकार गंज लाइन के लोग हो रहे हैं। इस क्षेत्र में थोक व्यवसायियों की बड़ी दुकानें होने के कारण माल से लदी भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। जिसके द्वारा लोडिंग अन लोडिंग होते रहने के कारण गंज लाइन रोड में हर पल यातायात अवरूद्ध की स्थिति बनी रहती है और लोग सड़क में आड़ी तिरछी खड़ी भारी वाहनों के बीच फंसकर छटपटाते हुए रह जाते हैं।

**o नो-पार्किंग की समस्या के चलते यातायात व्यवस्था हो रही प्रभावित**
**o बार-बार शहर में लग रही जाम की स्थिति, लोग हो रहे परेशान**

### खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़

ज्ञात हो कि नवरात्रि के बाद शहर में लोगों को खरीददारी के लिए आवाजाही बढ़ने लगी है। सामने सबसे बड़ा पर्व दीपावली है। इससे बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। त्योहारी सीजन के चलते बाजार में जमकर खरीदारी बनी हुई है। सुबह 10 बजे से रात्रि 7-8 बजे तक लोगों की भारी भीड़ उमड़ने से बाजार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जयस्तंभ चौक से लेकर मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, भारत माता चौक, हलवाई लाइन, कामठी लाइन, गुड़ाखू लाइन, गंज लाइन, रामाधीन मार्ग व मुख्य मार्केट गोलबाजार क्षेत्र, शनि मंदिर रोड आदि जगहों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मुख्य मार्केट गोलबाजार वाले क्षेत्र सहित गुड़ाखू लाइन, सिनेमा लाइन, जयस्तंभ चौक रोड, हलवाई लाइन, आजाद चौक क्षेत्र आदि जगहों में सड़कों पर दुकानें लगाई जा रही है इससे बाजार खरीदारी के लिए आए लोगों को काफी दिक्कते उठानी पड़ती है। व्यवसायियों के सामान सड़क तक फैले होने की वजह से वाहनधारी ग्राहकों को दुकान के सामने गाड़ी खड़ी रखने की समस्या आन पड़ती है, इससे दिक्कतें पैदा हो रही है। इधर शहर के बाजार में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहनों को अन्यत्र खड़ा करने की भी मजबूरी बनी हुई है।

शहर के मध्य से गुजरने वाली नेशनल हाईवे में फ्लाई ओवर का निर्माण कराने के बाद दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग के लिए स्थान भी चिह्नांकित किया गया है। लेकिन वहां अवैध कब्जों का साम्राज्य है। इससे भी वाहन चालकों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। मजबूरी में वाहन चालकों को म्युनिसिपल स्कूल मैदान से लेकर स्टेट स्कूल सहित अन्य स्थानों पर वाहन खड़ा करने की मजबूरी बनी हुई है।

# पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए योगदान देते हुए समाज के प्रति निभाएं अपना दायित्व - कलेक्टर

## फसल विविधीकरण एवं जल संरक्षण के विषय पर बैठक सह कार्यशाला का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में फसल विविधीकरण एवं जल संरक्षण के मद्देनजर अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल जीवन के लिए आवश्यक है। सभ्यताएं नदियों के किनारे विकसित होती हैं और शहर पानी की आवश्यकता को देखते हुए बसते हैं। उन्होंने बताया कि दक्षिण अफ्रीका के केपटाऊन में पानी की अत्यधिक कमी थी। पानी की कमी से कई देश जूझ रहे हैं। जल के अत्यधिक दोहन के कारण भू-जल स्तर में कमी आयी है। उन्होंने कहा कि जिले में राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ विकासखंड क्रिटिकल जोन में है। यदि अभी हमने जल का संरक्षण नहीं किया, तो आने वाले समय में जल संकट की स्थिति बन सकती है। पहले पिछले 10 वर्ष में 100 से 150 फीट में बोर कराने से पानी आ जाता था, लेकिन भू-जल स्तर इतना कम हो गया है कि 400-600 फीट नीचे चला गया है। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव के कारण भीषण गर्मी बढ़ी है। वहीं पानी का अत्यधिक दोहन होने के कारण भी जल संकट की स्थिति बन रही है। जिले में मिशन जल रक्षा के तहत जल संरक्षण के साथ ही पौधरोपण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा यह कर्तव्य है कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए अपना योगदान देते हुए समाज के प्रति दायित्व निभाएं। किसानों को रबी सीजन में धान के बदले कम पानी की आवश्यकता वाले फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने सभी कृषि अधिकारियों से कहा कि किसानों को रबी सीजन अंतर्गत उद्यानिकी फसलें दलहन, तिलहन एवं कम पानी की आवश्यकता वाले फसल लगाने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए सोच बदलने की जरूरत है तथा छोटे किसानों को क्लस्टर में सामूहिक खेती करने के लिए तथा उद्यानिकी फसलों एवं दलहन व तिलहन के फसलों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें।

कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष सभी कृषि से जुड़े अधिकारी धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष तौर पर प्रयास करें। धान की फसल में 1432 लीटर पानी की जरूरत होती है। जबकि गन्ना, कोदो, रागी, मक्का एवं अन्य फसलों में कम पानी की आवश्यकता होती है। जल संकट एक गंभीर विषय है और इस पर मंथन करते हुए हमें योजनाबद्ध तरीके से समाज एवं लोगों की बेहतरी के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि अभी उपयुक्त समय है किसानों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान करें। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जनसहभागिता से जल संरक्षण के लिए तथा फसल विविधीकरण के लिए कार्य करना है तथा किसानों को प्रेरित करना है, ताकि आने वाले गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या नहीं हो। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने सभी अधिकारियों को कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला एवं संगोष्ठी के माध्यम से किसानों को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर 2024 से कुल 511 ग्रामों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीवार शिविर आयोजन किया जा रहा है, जिसमें किसान संगवारी के साथ ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि एवं कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रेम प्रसंग मे फंसाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के नाबालिग को प्रेम प्रसंग में फंसाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को धर दबोचा है।

चौकी चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा 31 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण करके ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर 137(2) बीएनएस कायम कर अपहता की विवेचना पता तलाश में लिया गया व मामला गंभीर संवेदनशील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

**आरोपी के कब्जे से नाबालिग को किया बरामद**

श्री बंजारे ने बताया कि 17 अक्टूबर को अपहता को ग्राम ककरैल थाना सोमनी में से आरोपी फलेन्द्र विश्वकर्मा के पास होने की सूचना पर तत्काल पहुंच कर पीड़िता को बरामद किया गया। नाबालिग पीड़िता को पूछताछ करने पर दोनों एक दूसरे से प्यार मोहब्बत हो जाना व आरोपी फलेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा नाबालिग होना जानते हुए भी शादी का प्रलोभन देकर विवाह कर पत्नि की तरह रखकर कई बार शारिरीक संबंध बनाना बताए जाने पर प्रकरण में धारा 64 बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई। बाद आरोपी फलेन्द्र विश्वकर्मा पिता दशरथ विश्वकर्मा उम्र 22 साल निवासी ग्राम ककरैल थाना सोमनी को पुछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने और मेडिकल मुलाहिजा से पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया बाद आदेशानुसार जेल दाखिल कर दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी श्री बंजारे सहित महिला प्रधान आरक्षक वंदना दना पटले, प्र.आरक्षक समारूराम सर्पा, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी, महिला आरक्षक सरिता साहू, ज्योति साहू का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

# सीईओ जिला पंचायत ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के संबंधित जिला अधिकारी, जिला पंचायत के अधिकारी एवं जनपद पंचायत के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत अवासों की विकासखंडवार समीक्षा की और शेष बचे हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास की स्वीकृति देने के निर्देश दिए। उन्होंने निरस्त आवास को ग्रामसभा से अनुमोदन कराकर अन्य आवश्यक कार्रवाई करने कहा। जिन हितग्राहियों के पास भूमि उपलब्ध नहीं है, उनको तत्काल भूमि उपलब्ध कराकर आवास स्वीकृति प्रदान करने निर्देशित किया। मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिन हितग्राहियों का प्रथम किश्त जारी हो गया है, उनका जनपद स्तर से जांच प्रतिवेदन तत्काल भेजने कहा। आवास संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन नहीं कराने पर नाराजगी व्यक्त की तथा आवास संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने स्वच्छ भारत मिशन की जनपद पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार मनाने तथा दुकानों को स्वच्छता कार्यों में सहभागी बनने प्रेरित करने कहा। कचरा करने वाले दुकानदारों पर अर्थदण्ड लगाने भी कहा। सीईओ जिला पंचायत ने कचरा संग्रहण की स्थिति, स्वच्छता दीदीयों के पारिश्रमिक भुगतान, कबाड़ से जुगाड़ एवं बाटल ब्रिक्स निर्माण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को अच्छे गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराने कहा तथा किसानों को धान के बदले कम पानी की खपत वाले फसल लेने के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने बताया कि कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए प्रत्येक ब्लॉक में दो बार प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इसमें लखपति दीदीयों के अतिरिक्त ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों का चयन कर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लाभान्वित किया जाएगा।

# युगांतर में साइबर क्राइम पर हुई प्रभावी कार्यशाला



राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में एसपी मोहित गर्ग तथा साइबर सेल के इंचार्ज इन्स्पेक्टर पी विनय पम्मा द्वारा साइबर क्राइम से बचने हेतु प्रभावी कार्यशाला आयोजित हुई। उन्होंने बच्चों को साइबर क्राइम से अपनी सुरक्षा कैसे करे-इसकी व्यापक जानकारी दी। उन्होंने सत्र को कई जीवंत गतिविधियों और खेलों के साथ अच्छी तरह से प्रबंधित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने साइबर क्राइम रोकने हेतु जागरूकता अभियान में भाग लेने का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि इसी तरह युगांतर के विद्यार्थियों हेतु समय-समय पर विविध कार्यशालाएं आयोजित की जाती है, परिणामस्वरूप युगांतर के विद्यार्थी हर साइबर क्राइम को रोकने हेतु समर्थ हो सके। कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी. चौधरी, पीआरओ व स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित बड़ी तादाद में विद्यार्थीगण और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस कार्यशाला की सफलता पर विद्यालय के चेयरमेन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

# संस्कार सिटी कॉलेज एवं पुलिस थाना सोमनी की संयुक्त तत्वाधान में सेमिनार आयोजित




राजनांदगांव(दावा)। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दिनांक 18 अक्टूबर दिन शुक्रवार को 'नवा बिहान' साइबर जागरूकता अभियान व एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन पुलिस थाना सोमनी राजनांदगांव के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम के तहत संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन व श्री राम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के मध्य किया गया।

सेमिनार को मुख्य वक्ता के रूप में पुलिस थाना सोमनी राजनांदगांव के थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह व सिद्दीकी सर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा माँ सरस्वती के करकमलो पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम में रामेंद्र सिंह के द्वारा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। साइबर ठगी से बचने के लिए कई बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। रामेंद्र सिंह ने कहा कि किसी अपरिचित व्यक्ति की फोन कॉल आने पर अपने व्यक्ति मामले की डिटेल कभी भी शेयर ना करें, सोशल साइट के माध्यम से या ऑनलाइन मदद के नाम पर रुपए मांगने वालों को बिना पहचान किए धनराशि न दे किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने अकाउंट का विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नंबर, ओटीपी नंबर व एसएमएस को शेयर ना करें। टीवी, अखबार, ऑनलाइन माध्यम के जरिए दिए जाने वाले लुभावने आंकड़ों के झांसे में ना आए, ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें, तत्पश्चात थाना बैंक साइबर सेल को सूचना जरूर दें। साइबर अपराध से बचने के लिए युवाओं को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# फटाका व्यवसायियों की मांग पर महापौर एवं आयुक्त ने अस्थाई भूखण्ड शुल्क वृद्धि में की कमी

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली में फटाका दुकान लगाया जाना है जिसके लिए नगर निगम द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर मंगलवार को लायेसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से विधिवत आबंटित किया जायेगा।

आबंटन करने अस्थाई भूखण्ड शुल्क में इस वर्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी, वृद्धित दर कम करने फटाका व्यवसायियों द्वारा महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं आयुक्त अभिषेक गुप्ता से मांग की गयी। फटाका व्यवसायियों के हित में महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता ने वृद्धित दर में कमी की, दर कम होने पर अस्थाई भूखण्ड शुल्क 4590 रूपये के स्थान पर अब व्यवसायियों को 4200 रूपये देने निर्णय लिया गया।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष की प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लायसेंसी फटाका व्यवसायियों से 22 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे तक वर्तमान लायसेंस वर्ष 2024-25 के प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिये आवेदन शुल्क एवं अस्थाई भूखण्ड आबंटन शुल्क राशि रूपये 4590 देकर आवेदन प्राप्त कर जमा करना था, फटाका व्यवसायियों की मांग पर शुल्क में कमी करते हुये अस्थाई भूखण्ड शुल्क 4590 रूपये के स्थान पर अब व्यवसायियों को 4200 रूपये निर्धारित तिथि 22 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 1:00 बजे तक आवेदन के साथ जमा करना होगा। आवेदनों के परीक्षण उपरांत दुकानों का अस्थाई भूखण्ड आबंटन नम्बरिंग लाटरी के माध्यम से 22 अक्टूबर 2024 मंगलवार को दोपहर 4:00 बजे नगर निगम के सभागृह में किया जावेगा। उन्होंने कहा कि फटाका व्यवसायियों को 4200 रूपये का रसीद लेकर लाटरी में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

**o अस्थाई भूखण्ड शुल्क 4590 रूपये के स्थान पर अब 4200 रूपये देय होगा**
**o 22 अक्टूबर को लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड आबंटन**

# सुस्पष्ट शब्द व्यक्तित्व की पहचान होती है - डॉ. नवरतन

राजनांदगांव (दावा)। अग्र बायोडाटा सेंटर रायपुर एवं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित तोतले बच्चों के उपचार के 35 वें शिविर का शुभारंभ 17 अक्टूबर को श्री सत्यनारायण धर्मशाला में शुभारंभ करते हुए जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में उसकी आवाज का विशेष महत्व होता है, सुस्पष्ट आवाज उसके व्यक्तित्व की पहचान हुआ करती है। आवाज में अगर तोतलापन हो तो बच्चे के मन में हीन भावना ग्रसित हो जाती है और उसका व्यक्तित्व विकास रुक जाता है। मंदिर समिति द्वारा आयोजित ऐसे बच्चों के उपचार का शिविर वास्तव में अभिनंदनीय है जहां किसी भी प्रकार का कोई शुल्क ना लेते हुए मात्र स्पीच थेरेपी के माध्यम से तोतले बच्चों का उपचार किया जा रहा है। शासन के द्वारा भी 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के विभिन्न रोगों के उपचार के लिए चिरायु योजना के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित है इसका लाभ भी अभिभावक ले सकते हैं।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए जानकारी दी की वर्ष 2022 में भी ऐसे बच्चों का उपचार शिविर मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें 40 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें 34 बच्चों को 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त हुई थी। यह शिविर समाजसेवी सुशील अग्रवाल की प्रेरणा से आयोजित किया गया है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुशील अग्रवाल ने कहा कि सत्यनारायण मित्तल की निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा ईश्वरीय कार्य है, जहां बिना कोई शुल्क या दवा के उपचार किया जाता है।

**0 मित्तल जी की निःस्वार्थ सेवा ईश्वरीय कार्य है - सुशील अग्रवाल**
**0 तोतले बच्चों के उपचार शिविर का हुआ शुभारंभ**

ट्यूटर सत्यनारायण मित्तल ने कहा कि प्रभु कृपा से यह कार्य पिछले तीन वर्षों से अनेक शहरों में शिविर लगाकर सैकड़ो बच्चों का उपचार किया गया है। अभिभावक अगर अपने घर में एक माह तक बच्चों के प्रति सजग रहकर उसे दिए गए पाठ्यक्रम का अनुसरण करवाते हैं तो मेरी गारंटी है कि बच्चों की आवाज 100 प्रतिशत सही हो जाएगी। शिविर में प्रत्येक बच्चे को तीन दिन तक प्रतिदिन 20 मिनट की क्लास अभिभावक के सामने ली जाती है उसके पश्चात उन्हें निःशुल्क एक पाठ्यक्रम दिया जाता है जिसकी प्रैक्टिस लगातार करने पर बच्चों की आवाज ठीक होती है और उसका तोतलापन दूर हो जाता है। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला चिकित्सालय के नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. बी एस तूलानी भी उपस्थित हुए। उन्होंने भी बच्चों के नाक, कान, गला रोग से संबंधित विषय पर प्रकाश डाला।

शिविर में 46 बच्चों का पंजीयन हुआ, जिनका परीक्षण उद्घाटन सत्र के पश्चात किया गया। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिविर में उड़ीसा, महाराष्ट्र के नागपुर, तुमसर के साथ ही सुदूर अंबागढ़ चौकी मोहला मानपुर जिले के सांगली ग्राम, डोंगरगढ़ के बच्चे भी उपचार हेतु शामिल हुए हैं। बाहर से आए हुए बच्चों एवं अभिभावक को समिति द्वारा श्री सत्यनारायण धर्मशाला में निःशुल्क कमरा उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन सत्र में समिति के विष्णु प्रसाद लोहिया, सुरेश अग्रवाल, संतोष सिंघल, राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, पवन लोहिया, विजय खंडेलवाल उपस्थित हुए एवं परीक्षण में सेवा प्रदान की। मंच संचालन लक्ष्मण लोहिया ने किया।

**पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश**

# उच्च न्यायालय, छ.ग. आदेश की अवमानना करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु रजिस्ट्रार को ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर द्वारा वर्ष 2021 से अधिकृत प्रांतीय महामंत्री एवं छ.ग. प्रदेश के पेंशनर्स एसोसिएशन पंजीयन क्रमांक 1488/2007 के समस्त आजीवन सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने जानकारी दी है कि -पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश पंजीयन 1844/2007 विगत 2018 से समानांतर संगठन के चलते रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसायटी छ.ग. द्वारा अपील प्रकरण पर आदेश क्रमांक 393/2018 दिनांक 13.10.2021 के अनुसार श्री गाजी सहित डी.एन.साहू राजनांदगांव की प्रांतीय कार्यकारिणी को निरस्त कर दी है।

श्री गाजी के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय छ.ग. में आदेश के विरूद्ध अपील पर डब्ल्यू.पी.सी. 4803/ 2021 स्थगन आदेश दिनांक 26/11/2021 जारी हुआ। दिनांक 25 नवंबर 2023 को श्री गाजी जी का इंतकाल (मृत्यु) होने के बाद स्थगन आदेश के चलते ही श्री डी.एन. साहू राजनांदगांव ने पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश के प्रांताध्यक्ष का चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ कर दिनांक 28 जुलाई 2024 को प्रांताध्यक्ष निर्वाचित कर दिया। श्री साहू द्वारा उच्च न्यायालय छ.ग. के स्थगन आदेश के चलते चुनाव पूर्णतः अवैधानिक है एवं उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना है स्थगन आदेश की जानकारी देकर कलेक्टर जिला राजनांदगांव को जानकारी दी गई, जिस पर कलेक्टर राजनांदगांव ने रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड सोसायटी छ.ग. को समस्त अभिलेख सहित कार्यवाही हेतु लिखा है जिसके आधार पर रजिस्ट्रार द्वारा कार्यवाही की प्रक्रिया चल रही है।

उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलनाकर्ता डी.एन. साहू राजनांदगांव एवं डॉ. के.एल. टांडेकर राजनांदगांव के विरूद्ध उच्च न्यायालय की आदेश की अवमानना पर कानूनी कार्यवाही हेतु रजिस्ट्रार फर्म्स एण्ड संस्थायें छ.ग. को यशवंत देवान के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा है। पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश जिला राजनांदगांव के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पी.आर. साव, जिला महामंत्री सुधीर शेण्डे, उपाध्यक्ष भोजराज साहू, संरक्षक एस.आर. केहरी, प्रचार-प्रसार मंत्री सी.पी. कोसरिया/रमेश भोजवानी, जिला कोषाध्यक्ष जगदीश साहू, सचिव के.डी. साहू तहसील अध्यक्ष घुमका के.के.दुबे, तहसील अध्यक्ष डोंगरगांव ज्योतिष राम यादव/मनहरन साहू, ए.के. कहर, राजू मोहबे, जिला व तहसील के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों को दिनांक 20 अक्टूबर दिन- रविवार दोपहर 12:30 बजे ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर मा. शाला परिसर राजनांदगांव में बैठक रखी गई है, जिसमें आप लोगो की उपस्थिति प्रार्थनीय है प्रांतीय महामंत्री यशवंत देवान का स्वागत व आगामी रणनीति पर चर्चा होगी। उक्त जानकारी प्रचार-प्रसार मंत्री सी.पी. कोसरिया ने दी।

## अनमोल दावा

**"सलाह के सौ शब्दों से अधिक अनुभव की एक ठोकर इंसान को बहुत मजबूत बनाती है।**

## संपदा के सर्जकों को मिले सम्मान, रतन टाटा ने स्थापित किए नए कीर्तिमान

पारंपरिक रूप से परोपकार और टाटा समूह एक दूसरे के पर्याय रहे। टाटा समूह की इस परंपरा को रतन टाटा ने और आगे बढ़ाया। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से लेकर आवारा पशुओं को सहारा देने में टाटा ने करोड़ों रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। कोविड काल में टाटा ट्रस्ट ने 1500 करोड़ का दान दिया। उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर समूचे राष्ट्र ने शोक मनाया। उद्योग जगत एवं शीर्ष नेताओं के अलावा जिस तरह गोरेगांव के गरबा पंडाल से लेकर काशी की संध्या आरती तक आमजन ने रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, वह टाटा घराने और स्वयं रतन टाटा के प्रति देशव्यापी स्नेह और कृतज्ञता के भाव को प्रकट करता है।

टाटा समूह ने उद्योग और व्यवसाय के क्षेत्र में बड़े-बड़े कीर्तिमान एवं आयाम स्थापित किए और यह उद्योग क्षेत्र में सबसे विश्वसनीय ब्रांडों में से एक बनकर उभरा। इस सुनहरी एवं समृद्ध विरासत को रतन टाटा ने बखूबी आगे बढ़ाया। बतौर चेयरमैन अपने 21 वर्ष के कार्यकाल में रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह का राजस्व 46 गुना बढ़कर 4.75 लाख करोड़ और मुनाफा 50 गुना बढ़कर 33,500 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा। रतन टाटा ने करीब 50 देसी और विदेशी स्टार्टअप्स में निवेश किया। इनमें पेटीएम, ओला इलेक्ट्रिक, लेंसकार्ट और ब्लू स्टोन जैसे स्टार्टअप्स आज बहुत बड़ा रूप ले चुके हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि देश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने में रतन टाटा का बड़ा योगदान रहा है।

रतन टाटा ने 1991 में टाटा समूह का उत्तराधिकार उस समय ग्रहण किया, जब देश उदारीकरण की नीति पर चल निकला था। यह दशकों तक घरेलू संरक्षण में पले-बढ़े भारतीय उद्योग और व्यापारों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण समय था, जहां उन्हें एकाएक बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों से मुक्त बाजार में प्रतिस्पर्धा करनी थी। संरक्षण के चलते टाटा समूह की कंपनियों की पेशेवर क्षमताएं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के समान शिथिल और निष्क्रिय हो चली थीं। इन कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने टाटा ग्रुप के मूल मंत्रों से इतर अपनी मनमानी कार्यपद्धति से न सिर्फ कंपनियों की कार्यकुशलता को कमजोर किया, बल्कि टाटा समूह को भी विघटन के कगार पर ला खड़ा किया। रतन टाटा ने एक समूह कार्यकारी कार्यालय की स्थापना कर इसके सदस्यों को टाटा कंपनियों के बोर्ड में स्थान दिया। साथ ही सभी कंपनियों में टाटा संस की 26 प्रतिशत भागीदारी तय कर जबरन अधिग्रहण यानी होस्टाइल टेकओवर से बचाने का मार्ग प्रशस्त किया। इस दौरान इंडियन होटल्स, टिस्को और टेल्को (वर्तमान में टाटा मोटर्स) से बड़ी संख्या में छंटनी की गई, प्लांट एवं मशीनरी का नवीनीकरण हुआ और बहुत सी युवा प्रतिभाओं की भर्ती हुई। जहां रतन टाटा नए सुझाव, नई तकनीक और नई प्रबंध नीतियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते थे वहीं कई मामलों में उनके निर्णय भावनात्मक, निज विवेक और दृढ़ निश्चय पर आधारित होते थे। हेलेन डेरेस्की और एलिजाबेथ क्रिस्टोफ ने अपनी पुस्तक में रतन टाटा के रोचक संस्मरणों का उल्लेख किया है।

संपूर्ण आटोमोटिव सेक्टर से मिलकर एक पूर्णतः भारतीय कार बनाने के आग्रह पर एक उद्योग कार्यकारी से रतन टाटा को जवाब मिला, 'भारतीय कार की बात करने से पहले मिस्टर टाटा कैसी भी कामचलाऊ कार बनाकर क्यों नहीं दिखाते।' इसके तुरंत बाद पूरी तरह भारत में निर्मित टाटा इंडिका पर काम शुरू हुआ, जो शुरूआत में सामने आई खामियों के बावजूद न सिर्फ भारतीय इतिहास की सबसे ज्यादा बिकने वाली कारों में से एक बनी, बल्कि आटोमोबाइल क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता तय करने वाला मील का पत्थर भी बनी।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा मस्जिद में जय श्रीराम के नारों से भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती, वकीलों ने उठाए सवाल

**इमरान कुरैशी**




कर्नाटक हाईकोर्ट ने अपने एक फ़ैसले में कहा है कि मस्जिद में भगवान राम की प्रशंसा में नारे लगाने में कुछ ग़लत नहीं है. कुछ बड़े वकीलों ने अदालत के इस फ़ैसले की आलोचना की है. जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने कहा, ये समझ से परे की बात है कि अगर कोई जय श्रीराम के नारे लगाता है तो यह कैसे किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है.

दक्षिण कन्नड़ जिले के कदाबा तालुक के गांव बिनेह्ली में सितम्बर 2023 में दो लोगों के ख़िलाफ़ दर्ज एफ़आईआर को उन्होंने रद्द कर दिया. दोनों याचिकाकर्ता उन लोगों में शामिल थे जिनकी तस्वीर सीसीटीवी में तब क़ैद हुई थी जब वो रात में मस्जिद में दाख़िल हुए थे और नारे लगा रहे थे.

कर्नाटक के पूर्व महाधिवक्ता बीवी आचार्या ने बीबीसी हिंदी से कहा, मेरे विचार से, ये वे मामले हैं जिनमें अहम मुद्दा मंशा की है, जिसके साथ ये नारे लगाए जा रहे थे या किसी प्रार्थना स्थल में लोग प्रवेश कर रहे थे.

मान लीजिए एक मुस्लिम या ईसाई किसी पर्व के दिन मंदिर में प्रवेश करता है और कुरान या बाइबिल का पाठ करता है, क्या आप इसे निर्दोष कह सकते हैं? प्रथम दृष्टया यह फ़ैसला ग़लत है.सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े इस मुद्दे को थोड़ा अलग नज़रिए से देखते हैं.उन्होंने बीबीसी हिंदी से कहा, धारा 295 के तहत किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक मान्यताओं का अपमान करना या अपमान की कोशिश करना दंडनीय अपराध है. एकेश्वरवादी वैष्णव मंदिर में, अगर शिव भगावन के नारे लगाए जाएँ, तो क्या यह इस धारा के उल्लंघन के दायरे में नहीं आता है?पूर्व सरकारी अभियोजक बीटी वेंकटेश ने बीबीसी हिंदी से कहा, फ़ैसले में उस संदर्भ और हालात का ध्यान नहीं रखा गया जिसे शिकायत में तफसील से बताया गया है.

यह घटना 24 सितम्बर 2023 की रात 10.50 बजे की है, जब कुछ अज्ञात लोग उस रात कदाबा-मारदाला स्थित मस्जिद में घुस जाते हैं और जय श्रीराम के नारे लगाते हैं और कथित तौर पर उन्होंने धमकी दी कि वे संबंधित समुदाय के लोगों को नहीं बख़्शेंगे.हैदर अली की ओर से दायर शिकायत में सीसीटीवी के फुटेज को आधार बनाया गया है जिसमें दिखता है कि कुछ नौजवान दोपहिया वाहनों पर मस्जिद के चक्कर लगाते हैं और नारे लगाते हैं. शिकायत में ये कहा गया है कि हिंदू और मुस्लिम बड़ी शांति के साथ रह रहे थे और ये लोग इन समुदायों के बीच दरार डालने की कोशिश कर रहे थे.इसके बाद कीरथन कुमार और एनएम सचिन कुमार के खिलाफ़ आईपीसी की धारा 447 (आपराधिक प्रवेश), 295ए (किसी वर्ग की धार्मिक मान्यताओं या धर्म के अपमान की मंशा से किया गया कार्य) 505 (ऐसे बयान जो सार्वजनिक अशांति भड़का सकते हैं), 503 (आपराधिक धमकी), 506 (आपराधिक धमकी के लिए सज़ा) और 34 (एक जैसी मंशा) के तहत दंडनीय अपराध के लिए एफ़आईआर दर्ज हुई.

जस्टिस नागाप्रसन्ना ने कहा, धारा 295ए किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक मान्यताओं का अपमान करके धार्मिक भावनाएं भड़काने के मकसद से जानबूझ कर और दुर्भावना पूर्ण कृत्यों से संबंधित है. यह समझ से परे है कि अगर कोई जय श्री राम के नारे लगाते है तो कैसे यह किसी वर्ग की भावनाओं को आहत करता है. जबकि शिकायतकर्ता ने खुद ही कहा है कि इलाक़े में हिंदू और मुस्लिम सद्भावना के साथ रह रहे हैं तो इस घटना को किसी भी तौर से द्वेष पैदा करने वाला नहीं कहा जा सकता.फ़ैसले में महेंद्र सिंह धोनी बनाम यारागुंतले श्यामसुंदर (2017) के मुकदमे का ज़िक्र किया गया है और कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने माना कि आईपीसी की धारा 295ए के तहत कोई भी ऐसा कृत्य अपराध नहीं होगा जिसका शांति या सामाजिक व्यवस्था पर असर न पड़ता हो.धारा 505 के संदर्भ में हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई आरोप नहीं था कि कथित घटना ने कोई सार्वजनिक शरारत या दरार पैदा की हो.धारा 506 पर हाईकोर्ट ने कहा कि शिकायत में खुद लिखा है कि शिकायतकर्ता ने उन लोगों को नहीं देखा, जिन्होंने कथित तौर पर आपराधिक धमकी का अपराध किया था.जस्टिस नागप्रसन्ना ने कहा, शिकायत दूर-दूर तक आईपीसी की धारा 503 या धारा 447 के मूल तत्वों को नहीं छूती. कथित अपराध का कोई तत्व मिलना और इन याचिकाकर्ताओं के ख़िलाफ़ कार्रवाई की इजाज़त देना क़ानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग बन जाएगा और नतीजतन न्याय की भ्रूणहत्या होगी.

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने कहा कि कोर्ट को सिर्फ़ एक तर्क मिला कि जब हिंदू और मुस्लिम सद्भावना के साथ रह रहे थे, इस तरह की घटना कैसे अशांति फैला सकती है.

हेगड़े ने कहा, इसके बाद अदालत ने धोनी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले का हवाला दिया जहां तथ्य पूरी तरह से अलग थे.लेकिन वरिष्ठ वकील बीवी आचार्या कई अन्य सवाल उठाते हैं.

उनके मुताबिक, यहां तक कि अनधिकृत प्रवेश में, सिर्फ इसलिए कि यह एक सार्वजनिक स्थल है, इसका ये मतलब नहीं कि कोई भी किसी भी समय उस जगह घुस जाए. इसके पीछे की मंशा को देखना होगा. इसी तरह, जो नारे वे लगा रहे थे, तो क्या वे दूसरे धर्म की भावना को आहत कर रहे थे, यह उनकी मंशा और उन हालात पर निर्भर करता है, जिसके तहत उन्होंने वे शब्द बोले.आचार्या ने कहा, इसलिए जब आप मस्जिद जैसी धार्मिक जगह में प्रवेश करते हैं और फिर वहां आप जय श्रीराम बोलते हैं तो निश्चित तौर पर प्रथम दृष्टया परिस्थितियां दूसरे समुदाय की भावनाओं को आहत करने की मंशा को दिखाती हैं. सैद्धांतिक रूप से, अगर इस फ़ैसले को सही माना गया तो इसके ख़तरनाक परिणाम होंगे.संजय हेगड़े की तरह ही उन्होंने कहा कि हर मामले में फ़ैसला अलग अलग होता है.

उन्होंने कहा, इन सबसे अधिक, यह एक ऐसा मुकदमा है जिसमें जब अदालत के सामने पूरे तथ्य न हों तो पूरी जांच की ज़रूरत है. सिर्फ़ एफ़आईआर के आधार पर आप इसे ख़ारिज़ नहीं कर सकते. कल ही, सुप्रीम कोर्ट का एक फ़ैसला आया जिसमें कहा गया है कि आगे की जांच से कई तथ्यों का पता चलेगा. प्रथम दृष्टया इस मुकदमे में दिखता ग़लत नीयत दिखती है. अदालत को इसमें आगे की जांच कराने की इजाज़त देनी चाहिए थी.

पूर्व सरकारी वकील बीटी वेंकटेश आचार्या के साथ सहमत हैं कि इस मामले में विस्तृत जांच की मांग की गई थी क्योंकि शिकायतकर्ता ने जय श्रीराम के नारे लगाने के अलावा भी विशेष तौर पर कई बिंदुओं का ज़िक्र किया है.वेंकटेश ने कहा कि शिकायत, विशेष तौर पर कदाबा पुलिस स्टेशन में हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच सद्भाव का उल्लेख करती है, जहां ये घटना घटी.उन्होंने कहा, शिकायत में उन परिस्थियों के बारे में विशेष तौर से ज़िक्र किया गया है जिसके तहत हिंदू और मुस्लम सद्भावना के साथ रहते हैं. इसमें कहा गया है कि एक डस्टर कार और दो दो-पहिया वाहनों पर सवार होकर लोग संदिग्ध रूप से मस्जिद के चक्कर लगा रहे थे. इसके बाद नारेबाज़ी होती है और फिर नारों के ज़रिए बेरी समुदाय के ख़िलाफ़ धमकी दी जाती है. वेंकटेश ने कहा, बेरी समुदाय मुस्लिम समाज का एक वर्ग है जो आम तौर पर कर्नाटक के तटीय इलाक़ों में रहता है. उनके ख़िलाफ़ धमकी दी गई कि उन्हें बख़ूशा नहीं जाएगा. जबरन घुसने और नारेबाज़ी करने के अलावा यह साफ़ तौर पर आपराधिक धमकी है और ये सभी भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के अंतर्गत दंडनीय है. यह कोई शरारत नहीं है. यह जानबूझ कर किया गया कार्य है. जज ने संदर्भ को नहीं देखा और इसलिए गंभीर ग़लती कर दी.

सुप्रीम कोर्ट के एक य वकील ब्रिजेश कलप्पा ने सोशल मीडिया पर राय ज़ाहिर करते हुए लिखा, तो किसी मस्जिद में जाना और जय श्रीराम के नारे लगाने में कुछ भी ग़लत नहीं है. क्या एक मुस्लिम मंदिर में घुस सकता है और अल्लाह हू अकबर चिल्ला सकता है? यह वही देश है जहां ब्रिटिश ने समुदायों के बीच नफ़रत के बीज बोए थे? क्या अदालत ने तर्क की सारी शक्ति खो दी है? अभिजीत मजुमदार ने एक्स पर लिखा, धार्मिक भावनाओं को आहत करने के बारे में नहीं जानता, लेकिन दुनिया में कहीं भी अल्ला-हू-अकबर चिल्लाने से जगह तुरंत खाली हो जाती है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 291 श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी अयोध्या से प्रस्थान के लिए रथ पर हुए सवार

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय)**



आगे व्यथित जन समूह है लेकिन श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी के आगे रथ की ओर बढ़ने पर लोगों ने उन्हें रास्ता दिया। लोगों ने हाथों के संकेत से और हाथ जोड़कर उन तीनों से वन नहीं जाने का बार-बार निवेदन किया लेकिन शीघ्र ही श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी रथ के निकट पहुंच गए।

तीनों रथ पर सवार हुए। अनेक नागरिक रथ के सामने खड़े हो गए। सुमंत जी ने सारथी का दायित्व ग्रहण किया।

प्रजा बार-बार श्री राम से वन प्रस्थान नहीं करने का निवेदन कर रही है।

एक व्यक्ति ने कहा, ''अगर आपका वन जाना अपरिहार्य है तो हमें भी अपने साथ वन ले चलिए राजकुमार। हम आपके साथ-साथ ही अयोध्या से प्रस्थान करेंगे, क्योंकि जहां आप हैं वहीं हमारी अयोध्या है।''

दूसरे व्यक्ति ने कहा, ''आप जिस पथ पर आगे बढ़ रहे हैं,उसका अनुसरण हम स्वेच्छा से कर रहे हैं। यह हमारी प्रबल इच्छा है और आप कृपया हमें इससे वंचित न करें।''

श्री राम ने अपने दोनों हाथ जोड़कर लोगों से कहा, ''मैं अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए ही वन जा रहा हूं, इसी तरह आप सबके जीवन में भी अपने-अपने कर्तव्य नियत हैं। आप उन कर्तव्यों का पालन कीजिए और अपने पारिवारिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन कीजिए, यही धर्म है। एक व्यक्ति से बढ़कर राष्ट्र होता है और मेरे प्रति इस अतिशय प्रेम का प्रदर्शन कर आप कहीं न कहीं अयोध्या राज्य के प्रति अपने उत्तरदायित्व से विमुख हो रहे हैं।''

सीता जी ने श्री राम से कहा, ''हे महाबली! मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रिय प्रजाजन हमारे साथ कुछ दूर तक चलना चाहते हैं।अतः हमें इन्हें अपने साथ चलने से नहीं रोकना चाहिए।''

लक्ष्मण जी ने कहा, ''भैया, प्रजा इस तरह आपको जाने नहीं देगी। अतः पहले हमें प्रस्थान करना होगा और कुछ दूर तक साथ चलने के बाद हमारे ये सभी आत्मीय प्रजाजन वापस अयोध्या लौट आएंगे।''

''आज ही अयोध्या की सीमा से बाहर प्रस्थान करना भी तो हमारी विवशता है लक्ष्मण, अन्यथा हम पैदल ही यहां से वन की ओर प्रस्थान करते।'' श्री राम ने कहा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### "तस्वीर बदल जाते है"

जीव ईस्वर का अंश है, अजर है, अमर है ।  
आत्मा कभी मरता नहीं, शरीर बदल जाते है ।।  
अपने हाथो के लकीरो को न देख, न भरोसा कर ।  
सतकर्म से भाग्य का लकीर बदल जाते है।।  
परायो से नहीं अपनों से डर, बुरा वक्त आने पर,  
दुश्मन ही साथ दे दे, करीबी भाग जाते है।।  
अमीरी गरीबी का भाव मन से मिटा दे सभी अन्न ही तो खाता हैं।  
मन की गुलामी हटा दे और आजाद पक्षी की तरह जीये तो,  
गरीबी बदल जाते है।।  
अपने दुखो पर तू आहे न भर, दुसरो के पीड़ा को समझ और  
सहयोग कर तो पीर बदल जाते है''  
कर्म खोटा किसी का नहीं होता है  
न भाग्य किसी का सोता हैं।  
लगन और मेहनत से तकदीर बदल जाते है।।  
आईने के सौ टुकड़े करके हमने देखे  
है फिर भी हम अकेले  
है। आईने वही रहता है तस्वीर बदल जाते है ''



**आनंद राम सार्वा**

## सामयिक चर्चा

### महंगाई अब पानी पर चढ़ी

अखबार पढ़कर,  
अपने आप दुखी होकर,  
बानी बोले-''सुनिए गजाधर ! यह पीड़ा दायक  
खबर - ''रेल्वे स्टेशन पर  
महंगा हुआ आर.ओ. का पानी ।  
मालूम जो पहले, एक रूपया में मिलता था  
अब पाँच रूपया लीटर मिलेगा।  
मुझे तो पता नहीं  
इससे कि ... खैर छोड़िए !  
आप कहिए! आप इस पर अपनी  
क्या प्रतिक्रिया व्यक्त करेंगे ?''  
गजाधर ने कहा गंभीर होकर -  
''हम तो सोच रहे हैं बानी  
पानी के भी महंगे होने पर  
अपने प्रधानमंत्री  
नरेन्द्र मोदी जी क्या कहेंगे।



**गिरिश बख्शी**

## स्मृतियां -13

### 'कोन जनी ?'

बच्चों को व्यावसायिक मार्गदर्शन आज स्कूलों की सबसे बड़ी जरूरत है। इस दिशा में सार्थक पहल की आवश्यकता है। जब हम लोग उ मा शाला कवर्धा में 1973 में पढ़ते थे तब, प्राचार्य ने स्थानीय प्रतिष्ठित वकील झा को शाला में आमंत्रित किया था। तब झा साहब ने बताया था कि, जिन्हें पढ़ने में रूचि हो वे ही वकील बनने की सोचें, क्योंकि इस पेशे में रोज पढ़कर / तैयारी करके न्यायालय जाना पड़ता है। जीवन भर पढ़ना पड़ता है। अपने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़ पदाकंन के दौरान शाला अवलोकन हेतु प्रा शाला सहसपुर दल्ली जाने का अवसर मिला। मैंने वहाँ कक्षा पांचवी की एक लड़की से पूछा बड़ी होकर क्या करेगी ? उसका जवाब था 'कोन जनी'? उसके बाद वहीं कक्षा आठवीं की एक लड़की से वही प्रश्न किया 'बड़ी होकर क्या करेगी ?' उसका जवाब था 'बनी भूती'। सोचिए, बच्चों की आकाक्षा का स्तर कितना कमजोर था। वह कम से कम 'शिक्षिका' तो बोल सकती थी ? जिसे वह रोज देखती है ? किन्तु बच्चों का यह व्यवहार शिक्षिका का काम के प्रति रूचि प्रदर्शित करता है। जबकि कक्षा पांचवी में एक पाठ था जिसका शीर्षक था हमारे कामगार। जिसमें विभिन्न कामगारों के बारे में चर्चा थी।

सत्र 1914 15 में जब कन्या शिक्षा परिसर चौकी में प्रभारी प्राचार्य था तब प्रति शनिवार 'सार्थक शनिवार' के रूप में मनाते थे। लड़कियां सुबह से इंतजार करती थी। वे बार बार पूछती थी आज कौन आ रहा है? अतिथि मार्गदर्शन के लिए । समाज के भिन्न वर्ग के प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रित कर उनसे लड़कियों से संवाद होता था। जिसमें अपर कलेक्टर से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्याक्ष, कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक से लेकर समाज के भिन्न वर्ग के व्यक्ति हुआ करते थे। तब तो शाला सामाजिक संस्था बनेगी?

आज हमारा सामाजिक ताना बाना ज्यादा जटिल होता जा रहा है। काम के नए नए अवसर उभर रहें हैं और छोटी छोटी जगह में काम के नए अवसर उपलब्ध हैं। आज के यांत्रिक युग में छोटे छोटे काम के लिए भी कामगार नही मिलते। प्रत्येक व्यक्ति का काम महत्वपूर्ण होता है। क्रियात्मक शोध के माध्यम से चौकी विकास खण्ढ के शिक्षकों ने साबित किया है कि हमारे रोज मर्रा के भिन्न कामगार कितने उपयोगी होते हैं। उनके काम के बारे में जानना कितना रूचिकर हो सकता है ? बशर्ते, शिक्षक पुस्तक से परे सोचना भी सीखे। समाज में सब कुछ उपलब्ध है।



**युगल किशोर तिवारी**
**मो. 8827292489**

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। आज आप पारिवारिक जिम्मेदारियां अच्छे से निभाएंगे। आपके भविष्य के लिए आज निवेश करना फायदेमंद साबित होगा। प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त से संबंधित काम करने के लिए आज का समय उत्तम है।




**वृषभ**

आजका दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स प्राप्त होगा। आज मित्रों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे साथ ही मनोरंजन भरा वातावरण बना रहेगा। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कामों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे। आज कुछ समय आत्म निरीक्षण में भी बिताएंगे।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। आज आप खुद के कामो को स्वयं ही निपटाने का प्रयास करें। दूसरों से उम्मीद रखना आपकी कार्य क्षमता को कम ही करेगा। आपकी मेहनत और उत्तम जीवनशैली के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।



**कर्क**

आज कारोबार में अचानक आपको फायदा होगा। आज संतान के करियर से संबंधित किसी चिंता का समाधान मिलने से राहत मिलेगी। तथा आप अपने व्यक्तिगत कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे। आपका अपने कर्म के प्रति अधिक विश्वास रखना आपके लिए हितकारी ही रहेगा। ध्यान रखें कि मेहनत करने पर ही भाग्य आपका सहयोग करेगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आज आलस की वजह से काम को टालना उचित नहीं है। अपनी इस कमी को दूर करेंगे और अपने कामों के प्रति समर्पित रहेंगे। आज दूसरों की सलाह पर निर्भर रहने की बजाए खुद ही निर्णय लें।




**कन्या**

आज कार्यालय में अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनायेंगे। आज आपकी ऑफिशियल यात्रा आपके लिए फायदेमंद रहेगी। आज सामाजिक संपर्कों के माध्यम से कुछ नई जानकारियां हासिल होंगी, जो कि आपके लिए फायदेमंद रहेगी। आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में आपका प्रयास काफी हद तक कामयाब रहेगा।



**तुला**

आज आप उत्साह से भरे रहेंगे 7 आज आपका आत्मविश्वास और मेहनत आपको अपने कार्यों में सफलता देंगे। समाज में आपका मान-सम्मान व वर्चस्व बना रहेगा। आप किसी भी कार्य को पूरा करने में सक्षम रहेंगे। आज आपको कोई नई अपॉर्चुनिटी मिल सकती है। आज कर्मचारियों के मान-सम्मान का ध्यान रखेंगे।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिये पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आज समय आपके लिए बेहतरीन उपलब्धियों का निर्माण कर रहा है। कोई शुभ समाचार मिलने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आज परिवार के साथ शॉपिंग में समय बीतेगा।




**धनु**

आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आज मौजूदा समय उपलब्धियों वाला रहेगा। योजना बनाकर अच्छे से दिनचर्या व्यवस्थित करेंगे साथ ही अपने सहयोगी तथा कर्मचारियों के साथ अच्छा ताल मेल बनाकर रखना आवश्यक है। इससे उनकी कार्य क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। आपको बिजनेस में मुनाफा होगा।



**मकर**

आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपने अपने लक्ष्य और उम्मीदों संबंधी जो सपने संजोए थे, उन्हें आज पूरा करने का समय आ गया है। इसलिए पूरे जोश और मेहनत के साथ अपने कामों के प्रति प्रयासरत रहें। आज पारिवारिक वातावरण सुखद और सौहार्दपूर्ण बना रहेगा । ऑफिस का काम आज बेहतर तरीके से पूरा होगा।



**कुंभ**

आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। आज आपके पास कई इम्पोर्टेन्ट काम हैं। इसलिए दोस्तों के साथ व आलस में अपना समय ना गवाएं। आज इगो व ज़िद्दीपन रखना भी नुकसानदायक साबित हो सकता है। अपनी क्षमताओं को महसूस करेंगे और सकारात्मक रूप से इस्तेमाल करेंगे।



**मीन**

आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। आज पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। आज दिल की बजाए दिमाग से काम लेंगे तो आप बेहतर निर्णय लेने में सफल होंगे।आज कोई धार्मिक आयोजन में आपका योगदान रहेगा। अपने बजट का भी ध्यान रखेंगे तो उलझनों से बच जायेंगे।

# सांसद संतोष पांडेय की अनुशंसा से गंडई नगर पंचायत में एक करोड़ से अधिक के कार्य स्वीकृत

गंडई (दावा)। लोकसभा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नगर पंचायत गंडई में एक करोड तीस हजार के प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने प्रत्येक नगर पंचायत को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो हेतु राशि रू. 1.50-1.50 करोड की अनुदान राशि स्वीकृति प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु निम्नानुसार 37 कार्यो हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि रूपयें एक करोड़ तीस हजार स्वीकृति प्रदान की गई है। गंडई नगर में विकास कार्यो के लिए राशि प्रदान करने हेतु सांसद संतोष पांडे का गंडई भाजपा के द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। भाजपा सरकार बनने के पश्चात गंडई के विकास कार्यो के लिए लगातार राशि प्रदान की जा रही है। आभार व्यक्त करने वालो में सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, टेकन देवांगन, अश्वनी ताम्रकार, धरमु पटेल, अनिल अग्रवाल, टूम्मन साहू, नारायण शर्मा, खम्हन ताम्रकार, राजू जायसवाल, जनक देवांगन, राजेश मेहता, श्यामपाल ताम्रकार, जीवन दास रात्रे नीलम नामदेव, संजय राजपूत, राकेश ठाकुर, विक्की अग्रवाल, मंगल जैन, दिनेश भट्ट, राकेश जायसवाल, संजय अग्रवाल, विक्की कुर्रे, रामकुंवर बाई कुर्रे, जित्तू बघेल, भूपेंद्र पटेल, उमा चौबे, यतीश कुंजाम, सोनिया दुबे, पिनेश देवांगन, राकेश टंडन, यादकुमार निषाद, भागचंद बघेल आदि शामिल है। निर्माण कार्यो निम्नानुसार है वार्ड क. 02 पीपल वृक्ष से गदही तालाब पहुंच मार्ग तक पेवर ब्लाक निर्माण कार्य वार्ड क्र.19.62 लाख, वार्ड क्र. 02 सामुदायिक भवन रिनोवेशन कार्य 5.00 लाख, वार्ड क्र. 02 नीलम नामदेव के घर से गौरा चौरा एवं टीकम डोगरवार घर के सामने पेवर ब्लाक कार्य 5.00 लाख, वार्ड क्र. 03 केजरूद्दीन घर से अंजू राम के घर तक



सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.64 लाख, वार्ड क्र. 03 अंजू यादव घर से विहार चौक तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 6.09 लाख, वार्ड क्र. 04 राम मंदिर के पास पेवर ब्लाक निर्माण कार्य 2.24 लाख, वार्ड क्र. 05 सार्वजनिक शौचालय से दिलीप मेरावी घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.61 लाख, वार्ड क्र. 05 गौरा चौरा से रोड तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.65 लाख, वार्ड क्र. 05 गौरा चौरा से तातू घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.65 लाख, वार्ड क्र. 07 पुल के पास पचरी निर्माण कार्य 8.70 लाख, वार्ड क्र. 08 बेदनू कुर्रे के घर से संजू बागड़े के घर से ढाबा तक. सी.सी. रोड टॉप कोटिंग कार्य 1.35 लाख, वार्ड क्र. 08 मंगल मारकंडे के घर से गुरुघांसी दास मंदिर तक आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य 1.05 लाख, वार्ड क्र. 09 धनराज घर से बिरसिंग घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 1.07 लाख, वार्ड क्र. 09 धनराज पटेल के घर से नेतराम के घर तक नया सी.सी. रोड निर्माण कार्य 1.40 लाख, वार्ड क. 09 ममता मारकंडे के घर एवं संजय जोशी के घर तक सी.सी. रोड टॉप कोटिंग कार्य 2.75 लाख, वार्ड क्र. 09 रामकुवर बाई घर से भवन तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 1.25 लाख, वार्ड क्र. 09 राज बाई कुरे घर से राधेलाल महेश्वरी घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.25 लाख,वार्ड क्र. 09 जब्बीर खान घर से रामअवतार मलहा घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग निर्माण कार्य 2.00 लाख, वार्ड क्र. 09 धनराज पटेल के बाड़ी के पास मंच निर्माण कार्य 3.50 लाख, वार्ड क्र. 09 लतिफ कुरैशी घर से चेतन रजक घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग कार्य 3.69 लाख, वार्ड क्र. 10 सोमनाथ पटेल के घर से सुनील पटेल के घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग कार्य 5.00 लाख, वार्ड क्र. 10 लखन पटेल से नवधा चौक तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 1.22 लाख, वार्ड क्र. 12 धनसिंग देवांगन घर से निरंजन बंघेल घर तक पेवर ब्लाक कार्य 4.00 लाख,वार्ड क्र. 12 कचरू घर से रमेश कुम्भकार तक पेवर ब्लाक निर्माण कार्य 3.70 लाख, वार्ड क्र. 12 राम बाई यादव घर से ओपन वेल तक सी.सी. रोड रिनुवल कोटिंग कार्य 2.90 लाख, वार्ड क्र. 12 रोहित देवांगन घर से लक्कू देवांगन घर तक सीसी रोड टाप कोटिंग कार्य 1.24 लाख, वार्ड क्र. 12 रेखा मरकाम घर से मेन रोड से होते हुए गोरे लाल घर तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग 6.00 लाख, वार्ड क्र. 12 संतोष यादव घर से मेन रोड तक सीसी रोड़ टाप कोटिंग कार्य 1.10 लाख, वार्ड क्र. 12 अशोक छेदैया घर से चम्पा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 1.68 लाख, वार्ड क्र. 13 खिलावन देवांगन घर से देवांगन भवन तक सी.सी. रोड कार्य 5.42 लाख, वार्ड क्र. 13 दीपक मंडावी घर से विश्राम यादव घर तक सी.सी. रोड 2.28 लाख, वार्ड क्र. 11 रमेश यादव घर से नाली तक सी.सी. रोड टाप कोटिंग कार्य 1.00 लाख, वार्ड क्र. 11 कुमारी देवांगन घर से नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य 1.05 लाख, वार्ड क्र. 10 रवि भवनानी घर से मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 4.40 लाख, वार्ड क्र. 06 बिरेन्द्र यादव घर से पुलिया एवं हठियारिन घर से हरिचंद घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य 2.52 लाख, वार्ड क्र. 04 बहुर सिंग सोनी घर से बहुरन यादव घर तक आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य 5.84 लाख, वार्ड क्र. 04 दिनेश सोनी घर से हालर मिल तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य 2.42 लाख के कार्य किए जाएगे।

# बीडी कंपनी से 64 लाख की वसूली का न्यायालय के आदेश की तहसीलदार द्वारा अवहेलना, विरोध में प्रदर्शन



**0 श्रमिक उषा बडोले व अन्य प्रत्येक श्रमिकों को 2 लाख 23 हजार राशि का भुगतान किया जाना है**
**० गरीब के विरुद्ध निर्णय होता तो प्रशासन बुलडोजर लेकर पहुंच जाता - कामरेड बागड़े**

डोंगरगढ़(दावा)। वर्षो पूर्व डोंगरगढ़ स्थित दुर्गा टोबेको चेतना बीड़ी कंपनी के श्रमिकों को काम से बेदखल कर दिया गया था। जिसके विरोध में न्यायालय की शरण में गए श्रमिकों के पक्ष में हाईकोर्ट बिलासपुर द्वारा आदेश पारित किया गया। हाईकोर्ट के निर्णय के विरुद्ध कम्पनी द्वारा सुप्रीम कोर्ट मे रिट याचिका लगाई गयी थी। रीट याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा ?ारिज की गयी। हाईकोर्ट के निर्णय के अनुसार मजदूरों को बकाया वेतन की राशि का भुगतान नही किया गया। इसलिए श्रम आयुक्त नया रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा वसूली प्रमाणपत्र जिला कलेक्टर राजनांदगाव को भेजकर निर्देशित किया गया कि उक्त कम्पनी से 64 लाख 68 हजार राशि की वसूली कर श्रमिक उषा बडोले व अन्य प्रत्येक श्रमिकों को 2 लाख 23 हजार राशि का भुगतान किया जाए।

### हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना के खिलाफ श्रमिकों द्वारा किया गया प्रदर्शन

जिला कलेक्टर द्वारा तहसीलदार डोंगरगढ़ को वसूली हेतू निर्देशित किया गया था। तहसीलदार द्वारा पिछले 4 महीनों से कम्पनी से राशि की वसूली हेतू कार्यवाही नही की गयी जो संदेह जनक है। इसलिए छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष कामरेड भीमराव बागडे के नेतृत्व मे दिनांक 18 अक्टूबर को एस.डी.एम. कार्यालय डोंगरगढ़ के सामने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया, मिडिया से चर्चा करते हुए कामरेड बागडे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से फैसले के बावजूद तहसीलदार द्वारा कम्पनी मालिक प्रकाश भाई पटेल, राजेंद्र पटेल के विरुद्ध कार्यवाही नही किया जाना संदेहास्पद है। ऐसा आदेश किसी गरीब के खिलाफ होता तो प्रशासन द्वारा तुरंत बुलडोजर की कार्यवाही की गयी होती। किन्तु उद्योगपति के खिलाफ कार्यवाही के लिए टालमटोल किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शन मे संबंधित श्रमिकों के साथ पुनाराम साहू, मिना सहारे, उषा बडोले, सुनीता बंसोड आदि शामिल थे यह जानकारी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संगठन मंत्री तुलसी देवदास ने दी।

## पहला कॉलम...

### स्वच्छताग्राहियों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया



हरदी (दावा)। ग्राम पंचायत गिधवा में चंद्रप्रभा सुधाकर सदस्य जिला पंचायत बालोद, सरपंच विजय कुंजाम व उपसरपंच मंगलू राम देवदास, पंच प्रभा देवांगन, झामा देवांगन एवं भारतमाता वाहिनी स्व सहायता समूह (स्वच्छताग्राही) के सभी सदस्यों की उपस्थिति में स्वच्छताग्राहीयों को जूता, हेलमेट, जाकेट, फावड़ा, धमेला आदि सामग्री का वितरण किया गया।

### 5 प्रधान आरक्षक, सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत




**पीपी कोर्स बाद उत्तीर्ण कर्मचारियों को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत प्रधान आरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक के पद पर कंधे में स्टार लगाकर पदोन्नत किया**

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव दीपक झा के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने जिले में कार्यरत प्रधान आरक्षकों को जारी योग्यता सूची के अनुसार पीपी कोर्स बाद उत्तीर्ण कर्मचारियों को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर कंधे में स्टार लगाकर पदोन्नत किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पदोन्नत सहायक उप निरीक्षकों से कहा कि अब आप विवेचना अधिकारी बन गए हैं, अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करेंगे। पुलिस विभाग की छबि को बरकरार रखेंगे। आपका व्यवहार आम जनता और स्टाफ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अव्वल दर्जे का होना चाहिए। सहायक उनि. के पद पर पदोन्नत होने पर पुलिस अधीक्षक ने सभी को शुभकामनाए दिये। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के द्वारा भी सभी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिये गये एवं उनके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाएं दिये। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक के.देव राजू व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कल नवीन बुद्ध विहार में मूर्ति स्थापना व 68 वाँ धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस





डोंगरगढ़(दावा)। समाज एवं शासन के सहयोग से छ.ग. का सबसे प्राचीन बुद्ध विहार नई साज-सज्जा के साथ जन सहयोग से पूर्ण हो चुका है। धम्मसेना नायक भदंत नागार्जुन सुरई ससई जी के करकमलों से दिनांक 20 अक्टूबर, दिन रविवार को नवीन बुद्ध विहार मे थाईलैण्ड से लाई गई तथागत गौतम बुद्ध की मुर्ति की स्थापना की जायेगी। साथ ही 68 वां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं वर्षावास का समापन के अवसर पर कार्यक्रम भी किया जाना हैं। शाम 4.30 बजे नवीन बुद्ध विहार मे तथागत की मुर्ति की स्थापना, 68 वां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं वर्षावास समापन के पावन अवसर पर परित्राण पाठ धम्मसेना नायक भदंत नागार्जुन सुरई ससई जी के करकमलों से संपन्न होगा। इस अवसर पर धम्मभोज का आयोजन अक्षय पात्र फाउन्डेशन के संचालक डॉ. मिलन टेम्भुरकर की ओर से शाम 7 बजे रखा गया है। आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ की ओर से अपील की गई है कि, नवीन बुद्ध विहार आप सभी के आर्थिक सहयोग से बना है, अतः आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है। समस्त उपासक-उपासिकाओ को सफेद वस्त्र धारण करने का निवेदन किया गया है।

# जन औषधि केंद्रों में मरीजों को मिलेगी सस्ते में जीवन रक्षक दवाईयां

**जिले में पीएचसी केंद्रों में खुलेगी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दुकानें**



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन के निर्देशन में जिले में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चलाई जा रही जन औषधि केंद्रों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड से जन औषधि केंद्र योजना की शुरूआत की गई थी। राजनांदगांव में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव द्वारा 10 दवाई दुकानों का संचालन जिला अस्पताल व सीएचसी में किया गया था। शासन के निर्देश पर जन औषधि केंद्रों में अच्छी गुणवत्ता की जीवन रक्षक दवाइयों का लाभ जनसामान्य को कम दर पर मिलेगी। सीएमएचओ डॉ. नवरतन ने कहा कि शासन की योजना का नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो, इसके लिए जिले की सभी सीएचसी, पीएचसी सेंटरों में भी जन औषधि केंद्रों को रेडक्रास या जीवनदीप समिति के माध्यम से खोलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। बैठक में जिला अस्पताल से सिविल सर्जन व मेडिकल कालेज अस्पताल के प्रतिनिधि, जिला अस्पताल, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रतिनिधि, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, जन औषधि केंद्रों के क्षेत्रीय अधिकारी व रेडक्रास सोसायटी के जिला संगठक सह प्रबंधक, ड्रग एवं औषधि नियंत्रण विभाग के नवीन बघेल, विष्णु प्रसाद साहू, अजीज कुरैशी, प्रियजन चौबे, संजय श्रीवास्तव, हरिओम शर्मा, फार्मासिस्ट खिलेश निषाद, खेमराज, विनोद पटेल, वाय एल राकेश, नितिन गिरी, अविनाश सेन, आशीष जांघेल, टेकराम साहू, संजय ठाकुर, खुमेश साहू उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने गुण्डरदेही में निर्माणाधीन जल शुद्धिकरण संयंत्र का लिया जायजा

बालोद, । कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज नगर पंचायत गुण्डरदेही में निर्माणाधीन जल शुद्धिकरण संयंत्र का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ निर्माणाधीन कार्य की प्रगति के संबंध में विस्तृत चर्चा अधिकारियों से की। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में कार्य निरंतर जारी है। पाईपलाईन बिछाने, संपवेल निर्माण सहित जल शुद्धिकरण संयंत्र का निर्माण कार्य जारी है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य त्वरित गति से प्रगति लाए और बेहतर ढंग से कार्य करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। इस दौरान एसडीएम सुरेश साहू सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर महाराज का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया गया



डोंगरगढ़(दावा)। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी महातीर्थ में प्रातः 7:30 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन के पश्चात संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर महाराज के समाधि स्थल पर आचार्य श्री की संगीतमय पूजन एवं विधान किया गया। सुबह 11 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के 8 से 10 गाँव एवं डोंगरगढ़ से लगभग 3 हज़ार लोगों ने भोजन किया। शाम 7:30 बजे आचार्य श्री कि संगीतमय महा आरती की गयी।

इसी प्रकार श्री दिगम्बर जैन समाज डोंगरगढ़ के तत्वाधान में भी प्रातः 7 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन के पश्चात संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर महाराज जी कि संगीतमय पूजन एवं विधान किया गया। सुबह 11 बजे से श्री दिगम्बर जैन मंदिर के सामने खीर का वितरण किया गया। शाम को गोल बाज़ार में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एवं विशिष्ट अतिथि धनेश पाटिला, थानेश्वर पाटिला, सुदेश मेश्राम, हरीश भंडारी, विनोद तिवारी, श्रीमती संध्या देशपाण्डे उपस्थित थे। समाज द्वारा अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

### कलाकारों द्वारा भजन संध्या में शानदार प्रस्तुति दी गई

डोंगरगढ़ के प्रमुख संगीतकार निखिल जैन, मयूर बिंदल, मयंक बिंदल, पूनम चन्द बिंदल, गोल्डी भाटिया, वेंकट राव राजनंदगांव से अतुल व्यास एवं श्रीमती शर्मा ने अपने भजनों से ऐसा समा बांधा कि डोंगरगढ़ के भक्त आचार्य श्री की भक्ति में झूम उठे। इसी दौरान सभी को केशर एवं मावा युक्त दूध का वितरण किया गया। सभी कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ, जिसके लिये जय कुमार जैन कोषाध्यक्ष श्री दिगम्बर जैन समाज डोंगरगढ़ एवं श्री सप्रेम जैन संयुक्त मंत्री प्रतिभा स्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ चंद्रगिरी डोंगरगढ़ ने सभी को धन्यवाद दिया।

# कर्मचारी विरोधी नीतियों का महासंघ ने विरोध कर सौंपा ज्ञापन



डोंगरगढ़(दावा)। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने पॉवर कंपनी में 22 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन का आगाज कर दिया है। इसमें संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, पुरानी पेंशन लागू 1 करने, चतुर्थ उच्च वेतनमान, ई तकनीकी कर्मियों को तकनीकी भत्ता, ठेका श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा त पदोत्रति सहित 22 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी धीवर ने बताया कि विगत लंबे समय से महासंघ लंबित मांगों को द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समाधान का व प्रयास कर रही थी। जिस पर 25 अगस्त को संफल वार्ता में सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद दो माह व्यतीत होने को है परन्तु कोई आदेश जारी नहीं किए गए। जिससे संगठन को आंदोलन की राह पर चलना पड़ा है। महासंघ के चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण 6 से 15 अक्टूबर में पूरे प्रदेश के कर्मचारियों से संपर्क कर जनजागरण किया गया। 16 अक्टूबर को समस्त प्रदेश के क्षेत्रीय मुख्यालयों में द्वारा सभा प्रदर्शन करते हुए पॉवर कंपनी के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा गया। 23 अक्टूबर को एकजुट एकजुटता दिखाने कहा। सभा को प्रांतीय अध्यक्ष बीएस राजपूत, राष्ट्रीय पदाधिकारी अरुण देवांगन, प्रांतीय मंत्री सुरेश सिन्हा, दुर्ग क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र श्रीवास्तव, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र वैष्णव तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय सचिव लाखन सिंह कुशवाहा ने सभा को संबोधित किया। साथ ही क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र देवांगन, अमित डोंगरे, राकेश खरे, प्रमोद सोनी, संदीप घोबड़े, मिंटूर साहू मौजूद थे। सभा में वक्ताओं ने आह्वान किया कि 23 अक्टूबर को बिजली मुख्यालय में अपनी एकजुटता की शक्ति दिखानी होगी। तभी प्रबंधन हमारी मांगों पर कार्यवाही करेगा। वक्ताओं ने राजधानी में पिछले तीन दिनों में दो बिजली कर्मियों की कार्य के दौरान हुई मृत्यु होने की घटना पर तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे हत्या करार दिया।

# ग्राम पंचायत ईरागांव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर क्षेत्रवासियों के लिए अनेक सौगातें लेकर आया

**प्रधानमंत्री आवास मेला, कौशल पखवाड़ा, जागो वोटर कार्यक्रम का आयोजन किया गया**




**प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को मकान पूर्ण हो जाने पर गृह प्रवेश के लिए चाबी प्रदाय किया गया**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत ईरागांव में आज जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर, प्रधानमंत्री आवास मेला, कौशल पखवाड़ा व जागो वोटर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां आयोजित शिविर क्षेत्रवासियों के लिए अनेक सौगातें लेकर आया। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया गया। यहां आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में 31 आवेदन प्राप्त हुये। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। यहां आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान पूर्ण होने पर 10 हितग्राहियों को गृह प्रवेश के लिए चाबी प्रदाय किया गया।

स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वच्छता ग्राही दीदियों को स्वच्छता किट प्रदाय किया गया। कृषि विभाग द्वारा दो किसानों को नलकूप खनन पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले स्कूलों के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती राधिका अंधारे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। इससे जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ ही अनेकों योजनाओं से लाभान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को जिला मुख्यालय जाने से होने वाली समस्या से निजात मिलेगा।

कलेक्टर एस जयवर्धन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी नवीन जिला है। जिले को आकांक्षी जिला के रूप में सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए अनेक कार्य योजना निर्धारित किया गया है। क्षेत्र के विकास में ग्रामीणों की भी सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए उन्होंने ग्रामीणजनों को कचरे का संग्रहण करने और कहीं इधर-उधर नहीं फेंकने का आग्रह किया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि स्वच्छताग्राही के माध्यम से कचरा संग्रहण करने में सहायता देवें। कलेक्टर ने कुपोषण मुक्ति की दिशा में सभी माता-पिता एवं ग्रामीणों को आगे आने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत अधिसूचित 36 कार्य योजना को गांव-गांव तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गांव की जरूरत के आधार पर यहां विकास के सभी कार्य को किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत किया गया है, उसे प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराए। जिससे आने वाले समय में पात्रता के आधार पर अन्य हितग्राहियों को आवास प्रस्वीकृत किया जा सकेगा। कलेक्टर ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक हितग्राही के लिए जनधन खाता, आधार नंबर और मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए मोबाइल नंबर का बैंक खाते से लिंक होना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आधार और खाता नंबर में सही व एक ही नाम होनी चाहिए। उन्होंने किसी प्रकार की त्रुटि होने पर नाम सुधार करवाने कहा। इस अवसर पर शिविर में जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका टांडिया, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शुभांगी गुप्ता, जनपद पंचायत मानपुर सीईओ मोहम्मद हनिश सहित सभी विभाग के अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## प्रवासियों से भरी नाव डूबी, एक बच्चे की मौत

नई दिल्ली। प्रवासियों से खचाखच भरी एक नाव डूब गई है, जिससे एक बच्चे की मौत हो गई।अभी तक इस हादसे में कुल 65 यात्रियों को बाल-बाल बचाया जा सका है, जांच एजेंसी मामले की जांच में जुटी है। अब तक की जांच में यह बात पता चली है कि नाव पर यात्रियों की संख्या अधिक थी, इसलिए अधिक वजन होने के चलते यह हादसा हुआ है। ये घटना फ्रांस के तट की है। फ्रांस मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल था। यात्री चीख-पुकार करते हुए अपनी जान बचाने के लिए पानी में इधर-उधर भागे। नाव पर मौजूद लोगों ने एक-दूसरे की मदद की। जैसे ही इस बात की सूचना स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों को लगी मौके पर बचाव दल को भेजा गया। बचाव दल ने 65 यात्रियों को सकुशल दूसरी बोट पर शिफ्ट किया और उनकी जान बचा ली है। स्थानीय नौसेना के अनुसार इस पूरे हादसे में एक बच्चा बेहोश मिला, डॉक्टरों ने उसकी जांच की तो उसे मृत घोषित कर दिया गया था। डॉक्टरों के अनुसार अनुमान है कि बच्चे की दम घुटने और सदमे से मौत हुई है। उसके परिजनों ने पूछताछ कर मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में आज भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। बाजार आज गिरावट के साथ खुला था और सत्र पूरा होते-होते हरे निशान पर आ गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज करीब 260 अंक गिरकर 80,749 पर खुला था। वहीं, निफ्टी 86 अंक गिरकर 24,664 पर खुला था। धीरे-धीरे बाजार मे बिकवाली बढ़ी और सेंसेक्स गिरकर 80,409 तक आ गया। वहीं, निफ्टी 24,567 तक गिर गया। इसके बाद मार्केट में रिकवरी आई और यह बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 0.27 फीसदी या 218 अंक बढ़कर 81,224 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 0.49 फीसदी या 120 अंक बढ़कर 24,870 पर बंद हुआ। निफ्टी पैक के शेयरों में सबसे अधिक तेजी शुक्रवार को एक्सिस बैंक में 5.84 फीसदी, विप्रो में 3.57 फीसदी, आयशर मोटर्स में 2.94 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 2.88 फीसदी और श्रीराम फाइनेंस में 2.60 फीसदी की बढ़त दिखाई दी। इससे इतर इन्फोसिस में 4.57 फीसदी, एशियन पेंट में 2.32 फीसदी, ब्रिटानिया में 1.64 फीसदी, नेस्ले इंडिया में 1.17 फीसदी और एचयूएल में 0.83 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। सेक्टोरल सूचकांकों की बात करें, तो सबसे अधिक तेजी निफ्टी प्राइवेट बैंक में 1.99 फीसदी दर्ज हुई। इसके अलावा, निफ्टी पीएसयू बैंक में 1.29 फीसदी, निफ्टी बैंक में 1.66 फीसदी, निफ्टी ऑटो में 0.61 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.60 फीसदी, निफ्टी मीडिया में 1.18 फीसदी, निफ्टी मेटल में 1.54 फीसदी, निफ्टी फार्मा में 0.51 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक में 1.29 फीसदी, निफ्टी रियल्टी में 0.30 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स में 0.50 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.50 फीसदी, निफ्टी मिडस्मॉल हेल्थकेयर में 0.35 फीसदी की तेजी दर्ज हुई। इससे इतर निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.20 फीसदी, निफ्टी आईटी में 1.42 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी में 0.46 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई।

## पीएम मोदी 22-23 अक्टूबर को जाएंगे रूस

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22-23 अक्टूबर 2024 को रूस की यात्रा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22-23 अक्टूबर 2024 को रूस की यात्रा करेंगे। यह पीएम मोदी रूस की अध्यक्षता में कजान में आयोजित होने वाले 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। ÷न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना÷ विषय पर आयोजित यह शिखर सम्मेलन नेताओं को प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

यह शिखर सम्मेलन ब्रिक्स की ओर से शुरू की गई पहलों की प्रगति का आकलन करने और भविष्य में सहयोग के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने का भी अवसर प्रदान करेगा। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी रूस में ब्रिक्स सदस्य देशों के अपने समकक्षों और आमंत्रित नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं।

## बंगाली अभिनेता देवराज रॉय का निधन

नई दिल्ली। सिनेमा जगत के दो मशहूर स्टार्स की 17, अक्टूबर की रात को मौत हो गई है। दिग्गज बंगाली अभिनेता देवराज रॉय का निधन हो गया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने भी दिवंगत अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त किया। कुछ समय पहले अभिनेत्री नेय्यत्तिनकारा कोमलम के मौत की खबर सामने आई थी।

दिग्गज बंगाली अभिनेता और लोकप्रिय वाचक देवराज रॉय का निधन हो गया। अभिनेता का निधन गुरुवार की रात एक निजी अस्पताल में हुआ। कई महीनों तक गंभीर बीमारियों से पीड़ित रहने के बाद मल्टीपल ऑर्गन फेलियर होने के बाद उनके मौत की खबर सामने आई। वह 69 वर्ष के थे। अभिनेता को कुछ महीने पहले ब्रेन स्ट्रोक भी आया था और वो न्यूरोलॉजिकल जैसी समस्याओं से भी पीड़ित थे।

# 44 महीने बाद पाकिस्तान ने अपने घर में जीता टेस्ट, इंग्लैंड को दूसरे मुकाबले में 152 रन से हराया



मुल्तान। पाकिस्तान ने मुल्तान में खेले गए दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 366 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 291 रन पर सिमट गई थी। पाकिस्तान ने 75 रन की बढ़त हासिल की थी। पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में 221 रन बनाए और 296 रन की बढ़त हासिल की। 297 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की दूसरी पारी 144 रन पर सिमट गई। इस टेस्ट के लिए टीम में शामिल किए गए स्पिनर नोमान अली ने दूसरी पारी में आठ विकेट झटके। उन्होंने मैच में कुल 11 विकेट लिए और अपनी उपयोगिता साबित की। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर हो गई है। तीसरा और निर्णायक टेस्ट मुकाबला 24 अक्तूबर से रावलपिंडी में खेला जाएगा।

पाकिस्तान की टीम 44 महीने बाद अपने घर में कोई टेस्ट मैच जीती है। उसने अपने घर में पिछला टेस्ट फरवरी 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी में जीता था। तब पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 95 रन से हराया था। इसके बाद टीम ने 12 टेस्ट खेले हैं। इसमें से पाकिस्तान टीम को एक में जीत मिली है। चार टेस्ट ड्रॉ रहे और सात में पाकिस्तान की टीम को हार का सामना करना पड़ा है।

पाकिस्तान की टीम ने इस टेस्ट के लिए कड़े फैसले लेते हुए कई बड़े बदलाव किए थे। इनमें बाबर आजम, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को बाहर बैठाना शामिल था। इसका फायदा टीम को हुआ और नए खिलाड़ियों ने पाकिस्तान की जबरदस्त वापसी में मदद की है। बाबर की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर आए कामरान गुलाम ने पहली पारी में शतक जमाया तो स्पिनर साजिद खान ने इंग्लैंड को पहली पारी में सात झटके दिए। दूसरी पारी में नोमान अली की स्पिन गेंदों का कहर बरपा और उन्होंने आठ विकेट लिए।

297 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 144 रन पर सिमट गई। जैक क्राउली तीन रन, ओली पोप 22 रन, जो रूट 18 रन, हैरी ब्रूक 16 रन, कप्तान बेन स्टोक्स 37 रन, जेमी स्मिथ छह रन, ब्राइडन कार्स 27 रन और जैक लीच एक रन बनाकर आउट हुए। बेन डकेट और शोएब बशीर तो खाता भी नहीं खोल सके। पाकिस्तान के लिए इस पारी में सिर्फ दो स्पिनरों ने गेंदबाजी की। साजिद ने दो विकेट लिए और नोमान को आठ विकेट मिला।

इससे पहले पाकिस्तान की दूसरी पारी 221 रन पर समाप्त हुई थी। अब्दुल्लाह शफीक ने चार रन, सैम अयूब ने 22 रन, शान मसूद ने 11 रन, कामरान गुलाम ने 26 रन, सउद शकील ने 31 रन और मोहम्मद रिजवान ने 23 रन की पारी खेली थी। अगा सलमान ने सबसे ज्यादा 63 रन बनाए थे। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और एक छक्के लगाया था। आमिर जमाल एक रन, नोमान अली एक रन और साजिद खान 22 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने चार विकेट और जैक लीच तीन विकेट लिए। वहीं, ब्राइडन कार्स को दो विकेट मिले। मैथ्यू पॉट्स ने एक विकेट मिला।

इससे पहले इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 291 रन बनाए थे। बेन डकेट ने 114 रन की पारी खेली थी। वहीं, जैक क्राउली 27 रन, पोप 29 रन, रूट 34 रन, ब्रूक नौ रन और स्टोक्स एक रन बनाकर आउट हुए थे। जेमी स्मिथ ने 21 रन और कार्स ने चार रन बनाए थे। पॉट्स छह रन और बशीर नौ रन बनाकर आउट हुए थे। लीड 25 रन बनाकर नाबाद रहे थे। पाकिस्तान की ओर से 31 साल के साजिद ने सात विकेट लिए, जबकि नोमान को तीन विकेट मिले थे।

## टी20 सीरीज में श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को हाराया

नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत वेस्टइंडीज ने जैसे की थी, उसका अंत उसके लिए वैसा नहीं रहा. वेस्टइंडीज ने आगाज पहला टी20 जीतते हुए किया था. लेकिन, उसके बाद श्रीलंका ने उसे अगले दोनों टी20 में हराकर 3 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली. श्रीलंका ने जिस तरह से वेस्टइंडीज को दांबुला में खेले आखिरी टी20 में हराया, उसका मजा क्रिकेट फैंस ने सिर्फ स्टेडियम में बैठकर ही नहीं बल्कि पेड़ों पर चढ़कर भी लिया. आखिरी टी20 जिताकर सीरीज को श्रीलंका की झोलनी में डालने का काम 80 छक्के लगाने वाले कुसल मेंडिस ने किया.



वैसे, आखिरी टी20 में वेस्टइंडीज को एक नहीं बल्कि दो कुसल ने हार के मुंह में धकेलने का काम किया. दोनों ही कुसल आखिर तक नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाकर ही दम लिया. दोनों ने अपने-अपने अर्धशतक की स्क्रिप्ट लिखी. हम बात कर रहे हैं कुसल मेंडिस और कुसल परेरा की, जिनके बीच आखिरी टी20 में 106 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप हुई.

वेस्टइंडीज की ओर से 163 रन के मिले लक्ष्य का पीछा श्रीलंका ने 18वें ओवर में ही कर लिया. श्रीलंका के खिलाफ वेस्टइंडीज ने अपने 6 गेंदबाज लगाए , लेकिन केवल एक ही विकेट लेने में उन्हें सफलता हाथ लगी. श्रीलंका का ये विकेट पाथुम निसंका के तौर पर गिरा, जिन्हें वेस्टइंडीज के स्पिनर मोती ने आउट किया. उसके बाद कुसल मेंडिस और कुसल परेरा ने मिलकर टीम को जीत की दहलीज पार कराई.

कुसल मेंडिस 50 गेंदों पर 68 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा. इस एक छक्के के साथ टी20 इंटरनेशनल में कुसल मेंडिस के छक्कों की संख्या 80 हो गई. इस आंकड़े के साथ वो श्रीलंका की ओर से टी20 इंटरनेशनल में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं. वहीं, कुसल परेरा 36 गेंदों पर 55 रन बनाकर नाबाद रहे. दोनों की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरा टी20 श्रीलंका ने 9 विकेट से जीता.

तीसरे और आखिरी टी20 चूकि सीरीज का निर्णायक था तो उसे देखने के लिए स्टेडियम में जोरदार भीड़ उमड़ी थी. कई क्रिकेट फैंस तो मुकाबला देखने के लिए दांबुला के क्रिकेट ग्राउंड के पास लगे पेड़ों पर भी चढ़ गए. वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को टी20 सीरीज जीतते हुए हर किसी ने लिया.

## यूपी डायरेक्ट टैक्स देने के मामले में फिसड्डी, 7.62 लाख करोड़ रुपये के साथ महाराष्ट्र पहले स्थान पर

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश भले ही आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा राज्य है लेकिन डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के मामले में ये देश के दूसरे कई राज्यों से बहुत पीछे है. सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने टैक्स कलेक्शन का जो आंकड़ा जारी किया है उसके मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में कुल डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में उत्तर प्रदेश ने केवल 48,333.44 करोड़ रुपये का योगदान दिया है. जबकि आबादी के मामले देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य बिहार का वित्त वर्ष 2023-24 में कुल डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 6692.73 करोड़ रुपये रहा है. वित्त वर्ष 2022-23 के 6845.32 करोड़ रुपये से कम है.




सीबीडीटी ने डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन को लेकर टाइम सीरीज डेटा जारी किया है. इस डेटा के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में राज्यों और केंद्र शाषित प्रदेशों को मिलाकर 19.62 लाख करोड़ रुपये डायरेक्ट टैक्स की वसूली की गई. आप ये जानकार हैरान हो जायेंगे कि इसमें सबसे बड़ा योगदान महाराष्ट्र का है. इस वित्त वर्ष में महाराष्ट्र से 7,61,716.30 करोड़ रुपये (7.62 लाख करोड़ रुपये) डायरेक्ट टैक्स आया है. यानि कुल डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में अकेले महाराष्ट्र का योगदान 39 फीसदी है. सरकार के खजाने में डायरेक्ट टैक्स के रूप में उत्तर प्रदेश से 15 गुना ज्यादा टैक्स महाराष्ट्र से आता है.

डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में इनकम टैक्स , कॉरपोरेट टैक्स और सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स आता है. महाराष्ट्र के बाद डायरेक्ट टैक्स देने के मामले में दूसरा स्थान कर्नाटक का है. वित्त वर्ष 2023-24 में कर्नाटक ने 2.35 लाख करोड़ रुपये डायरेक्ट टैक्स के रूप में चुकाया है. तीसरे स्थान पर दिल्ली है जिसने डायरेक्ट टैक्स के तौर पर 2.03 लाख करोड़ रुपये का योगदान खजाने में दिया है. चौथे स्थान पर तमिलनाडु है जिसने 1.27 लाख करोड़ रुपये डायरेक्ट टैक्स के तौर पर वित्त वर्ष 2023-24 में चुकाया है. 93300 करोड़ रुपये के योगदान के साथ गुजरात पांचवें स्थान पर और 84,439 करोड़ रुपये की वसूली के साथ तेलंगाना छठे स्थान पर है. इसके बाद हरियाणा सातवें नंबर पर है. हरियाणा ने 70,947.31 करोड़ रुपये डायरेक्ट टैक्स के मद में अपना योगदान दिया है.

## बेंगलुरु टेस्ट में सहवाग से आगे निकले टिम साउथी

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा हैं। वहीं न्यूजीलैंड के गेंदबाज टिम साउदी एक खास लिस्ट का हिस्सा बन गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में साउथी ने भारत के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया। साउथी अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में आगे बढ़ चुके हैं। इस लिस्ट में दुनिया के कई दिग्गज बल्लेबाज शामिल हैं। आइए जानते हैं टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की पूरी लिस्ट।




बेन स्टोक्स इंग्लैंड के धाकड़ ऑलराउंडर हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 131* छक्के लगाए हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी उन्हें टेस्ट क्रिकेट में एक खतरनाक खिलाड़ी बनाती है।

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रेंडन मैकुलम अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते थे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 107 छक्के लगाए और कई मैचों में अपने आक्रामक खेल से टीम को जीत दिलाई।ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के लगाए। वे अपनी तेजतर्रार बल्लेबाजी और मैच को जल्दी खत्म करने की क्षमता के लिए मशहूर थे।वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल टेस्ट क्रिकेट में भी अपनी आक्रामकता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 98 छक्के लगाए और कई बार लंबी पारियां खेलकर टीम की जीत में योगदान दिया।साउथ अफ्रीका के जैक्स कैलिस एक बेहतरीन ऑलराउंडर थे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 97 छक्के लगाए और अपनी तकनीक के साथ-साथ ताकत का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने टेस्ट क्रिकेट में अब तक 92* छक्के लगाए हैं। उन्होंने बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ते हुए 91 छक्कों का आंकड़ा पार किया और अब 100 छक्कों की ओर बढ़ रहे हैं।

## आरबीआई ने 4 एनबीएफसी पर लोन देने पर लगाई रोक

नई दिल्ली। बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने चार नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी और माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. आरबीआई ने 21 अक्टूबर 2024 से चार एनबीएफसी-एमएफआई के लोन की मंजूरी देने से लेकर लोन के डिस्बर्सल पर रोक लगाने का फैसला किया है. आरबीआई ने सुपरवाइजरी आदेश के तहत चारों एनबीएफसी को अपने फैसले की जानकारी दे दी है. भारतीय रिजर्व बैंक ने दो माइक्रो फाइनेंस कंपनियां चेन्नई बेस्ड आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड और कोलकाता बेस्ड अरोहन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के लोन देने पर रोक लगा दिया है.

## सोना पहुंचा 79,000 के पार

मुंबई। सोना है कि थमने का नाम ही नहीं ले रहा। सोने की कीमत लगातार आसमान छू रही है। सोना हर रोज नए कीर्तिमान रच रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत गुरुवार को 450 रुपये बढ़कर 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।



पीटीआई की खबर के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली कीमती धातु बुधवार को पिछले सत्र में 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत खरीदारी के कारण कीमतें तेज हो गईं। हालांकि, चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 450 रुपये चढ़कर 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। व्यापारियों ने कहा कि त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की बढ़ी हुई खरीदारी और वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं।

***एनडीए में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय...***

पिछले चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत न मिलने के कारण जेएमएम और कांग्रेस ने मिलकर गठबंधन सरकार बनाई और हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने। झारखंड विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 42 है। जबकि, विधानसभा की कुल सीटें 81 है।

***तिहाड़ जेल से 872 दिन बाद बाहर आए.***

दिल्ली विधानसभा चुनाव में होगा बड़ा रोल- बता दें कि सत्येंद्र जैन को जमानत तब मिली, जब दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इस चुनाव से पहले आप के तमाम बड़े नेता जेल से बाहर आ चुके हैं। शराब घोटाले मामले में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी जेल चले गए थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से सभी को जमानत मिल गई है। बड़े चेहरे में सिर्फ सत्येंद्र जैन ही जेल में बंद थे, लेकिन आज राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें भी जमानत दे दी है।

***ओपन स्कूल परीक्षा की बदली तारीखें,...***

0 परीक्षा की नई समय सारणी - कक्षा 12वीं की परीक्षा 14 नवंबर-गृह विज्ञान, 16 नवंबर-लेखांकन, 18 नवंबर- भौतिक शास्त्र, 19 नवंबर-भूगोल, 20 नवंबर -रसायन, 21 नवंबर-अंग्रेजी, 22 नवंबर - गणित, 23 नवंबर- राजनीति शास्त्र, 25 नवंबर - जीव विज्ञान, 26 नवंबर - इतिहास, 27 नवंबर-अर्थशास्त्र, 28 नवंबर - हिन्दी, 29 नवंबर - वाणिज्य।

कक्षा 10वीं की परीक्षा 14 नवंबर - संस्कृत, 16 नवंबर - गृह विज्ञान, 18 नवंबर - उर्दू, 19 नवंबर - विज्ञान, 20 नवंबर - अंग्रेजी, 21 नवंबर - मराठी, 22 नवंबर - सामाजिक विज्ञान, 23 नवंबर - व्यवसाय, 25 नवंबर - गणित, 26 नवंबर - अर्थशास्त्र, 29 नवंबर - हिन्दी।

***बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले...***

गिरोह से है, जिस पर सिद्दीकी की हत्या को अंजाम देने का संदेह है। मुंबई पुलिस ने इस मामले में फरार आरोपी शुभम लोनकर, शिवकुमार गौतम और जीशान अख्तर के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में शामिल चार

## प्रथम पेज का शेष

आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया गया था। जिनमें दो कथित शूटर हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23) और उत्तर प्रदेश का मूल निवासी धर्मराज राजेश कश्यप (19) शामिल भी हैं। जबकि हरीशकुमार बालकराम निसाद (23) और प्रवीण लोनकर (सह-साजिशकर्ता) भी पुलिस की गिरफ्त में हैं। निसाद और कश्यप वांछित आरोपी शिवकुमार गौतम के ही गांव के रहने वाले हैं। एक अधिकारी ने बताया कि बाबा सिद्दीकी की हत्या में तीन पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया था, इनमें से एक ऑस्ट्रेलियाई निर्मित ग्लॉक पिस्तौल, एक तुर्की पिस्तौल और एक देशी पिस्तौल थी। पुलिस ने तीनों हथियार बरामद कर लिए हैं। पुलिस लगातार फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि उनके निशाने पर जीशान सिद्दीकी भी थे।

***हरियाणा सरकार लागू ...***

कांग्रेस ने तो खिलाड़ियों तक का भी इस्तेमाल किया है। जनता ने विधानसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को जवाब दिया है। बता दें कि गुरुवार को नायब सिंह सैनी ने दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी। नायब सैनी के अलावा 13 विधायकों ने मंत्रीपद की शपथ ली थी।

***उमर अब्दुल्ला कैबिनेट का जम्मू-कश्मीर....***

0 सड़कों पर कोई वीआईपी संस्कृति नहीं होगी- जब उनसे पूछा गया कि क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस अनुच्छेद 370 का मुद्दा उठाएगी या विधानसभा में इसके खिलाफ कोई प्रस्ताव पास करेगी, तो अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें अपनी दलीलें पेश करने के लिए अदालत में वापस लौटना होगा। लाल चौक का दौरा करते समय अब्दुल्ला ने कहा कि सड़कों पर कोई वीआईपी संस्कृति नहीं होगी और लोगों को सायरन की आवाज से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यहां पर कोई वीआईपी नहीं है, चाहे वह स्थानीय हों या राजनीतिज्ञ, सभी समान हैं।

2019 में खत्म हो गया था पूर्व राज्य का दर्जादरअसल जम्मू-कश्मीर का पूर्व राज्य दर्जा 2019 में खत्म हो गया था। 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू कश्मीर दो संघ शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया था।

***बस में मिला 10 करोड़ का सोना, ...***

0 महंगी चूड़ियां, 15 लाख तक हार मिले- पकड़े गए आभूषणों में 10 से ज्यादा पैकेट में सोने की अंगूठियां हैं। गले में पहले जाने वाले हार 15 लाख रुपये तक की कीमत के हैं। सोने के कडे और चूडियां और झुमकों के भी कई पैकेट्स मिले हैं। कई तरह के लॉकेट और चेन भी बरामद की गई है।

***भाजपा का सदस्यता अभियान...***

तोखन साहू लक्ष्य के पार- प्रदेश में भाजपा के दस लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद हैं। इनमें से एक मात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही जहां सबसे पहले दस हजार के पार पहुंचें, वहीं इसके बाद उन्होंने 20 हजार का लक्ष्य भी पार कर लिया है। लेकिन बाकी सांसद दस हजार तक भी नहीं पहुंचे हैं। महासमुंद की सांसद और सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी दस हजार के पार पहुंच गई हैं।

ये विधायक भी लक्ष्य के पार- प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरूद के अजय चंद्राकर रहे हैं। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। लेकिन सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 30 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ राजिम के विधायक रोहित साहू जहां 15 हजार के आस-पास हैं, अन्य विधायकों में भावना बोहरा, नीलकंठ टेकाम, गजेंद यादव, इंद्र कुमार साहू, शंकुतला पोर्ते, अनुज शर्मा, धरमलाल कौशिक, लता उसेंडी, गोमती साय, रेणुका सिंह, पुन्नूलाल मोहले, प्रेमचंद पटेल, संपत अग्रवाल ने भी दस हजार का लक्ष्य पार कर लिया है।

## दिन की आखिरी बॉल पर कोहली आउट-सरफराज के साथ 136 रन की पार्टनरशिप की, दूसरी पारी में भारत 231/3, न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे



बेंगलुरु। न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में वापसी कर ली है। शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए हैं। भारत अभी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे है। सरफराज खान 70 रन नाबाद लौटे। विराट कोहली दिन की आखिरी बॉल पर आउट हो गए। उन्हें ग्लेन फिलिप्स ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराया।

कोहली 70, रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। एजाज पटेल ने 2 और ग्लेन फिलिप्स ने 1 विकेट लिया। कोहली और सरफराज के बीच तीसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 402 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने 356 रन की ब?त हासिल की। 3 मैचों की सीरीज के पहले मैच के दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट कर दिया था। पहले दिन का खेल बारिश की वजह से नहीं हो सका था।

न्यूजीलैंड के लिए रचिन ने शतक लगाया शुक्रवार को तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने 180/3 के स्कोर से शुरुआत की। 22 रन से आगे खेलने उतरे रचिन रवींद्र ने शतक जमाया। उन्होंने 157 बॉल पर 13 चौके और 4 छक्के के सहारे 134 रन बनाए। रचिन एक ओर से रन बनाते रहे और दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। डेरिल मिचेल (18 रन), टॉम ब्लंडेल (5 रन), ग्लेन फिलिप्स (14 रन) और मैट हेनरी (8 रन) पहले सेशन में आउट हुए। ऐसे में टिम साउदी ने रचिन रवींद्र के साथ 8वें विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की।

# साइबर जागरूकता अभियान: बच्चों को दी गई साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी





राजनंदगांव(दावा)। एसपी मोहित गर्ग के निर्देशानुसार, पूरे जिले में साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए -नवा बिहान- अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में सर्वेश्वर दास म्युनिसिपल स्कूल में कोतवाली प्रभारी एमन साहू ने बच्चों को साइबर सुरक्षा और डायल 1930 के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान कोतवाली प्रभारी ने बताया कि कैसे साइबर अपराधी लोगों को धोखा देने के नए-नए तरीके अपनाते हैं और उनसे बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहना आवश्यक है। इस अवसर पर बच्चों ने भी प्रश्न पूछे और पुलिस से मार्गदर्शन प्राप्त किया। स्कूल समिति के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी ने भी इस जागरूकता अभियान में भाग लिया और बच्चों से साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस जानकारी का पालन करना चाहिए, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रह सके। प्राचार्य कुमकुम झा ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की जानकारी से बच्चों को साइबर अपराधों से बचने की नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में बच्चों को नशा मुक्ति के बारे में भी जानकारी दी गई। अंत में, पुलिस ने बच्चों को साइबर सुरक्षा के पैंफलेट्स वितरित किए और डायल 1930 के उपयोग के बारे में बताया, जिससे साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज की जा सकेंगी। यह जागरूकता अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग साइबर सुरक्षा के प्रति सजग हो सकें।

# दैहान में धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा

## विधायक भोलाराम साहू को ग्रामीणों ने किया सम्मानित



खुज्जी। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दैहान विकास खंड छुरिया में सरस्वती उत्सव एवं शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रामधुनी प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में माननीय लोकप्रिय विधायक श्री भोलाराम साहू जी विधायक खुज्जी के कर कमलो द्वारा माता सरस्वती देवी एवं शीतला माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

आयोजन समिति एवं ग्राम वासियो को शरद पूर्णिमा के बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दिए। साथ ही विधायक जी ने ग्रामवासियों के मांगो के अनुरूप घोषणा किये। इस शुभ अवसर पर नरेश शुक्ला , महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, बसंत सिन्हा सरपंच, डी.एल.चन्द्रवंशी से.नि.शिक्षक, गनपत राम गजेंद्र, ग्राम पटेल, केवल राम भारद्वाज, डॉ.आशा राम साहू, रेवा राम साहू, उदयराम भुआर्य, मोहन गजेंद्र, शैलेन्द्री बाई गजेंद्र, गोमती बाई,अर्जुन चन्द्रवंशी, भागीरथी सिन्हा, आत्मा राम, विजय भारद्वाज, अनुज राम, पितु राम फरिडिया, गौरी शंकर, कलाराम फारसी, छागनलाल, गांधी राम, सहदेव कोर्टिया, एवं आयोजन समिति के सदस्य सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दिग्विजय महाविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री डोमेन्द्र ध्रुव, 'खाद्य सुरक्षा विभाग' राजनंदगांव उपस्थित रहे।

व्याख्यान का शीर्षक 'फूड एडल्टरेशन एंड सेफ्टीरेगुलेशन' था। जिसमें उन्होंने खाद्य की उपलब्धता तथा खाद्य की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी साथ ही खाद्य सामानों में स्थित समस्याएं जैसे अमानक, मिथ्या छाप, असुरक्षित खाद्य के बारे में जानकारी दी तथा सरकारी योजना में संचालित फोर्टीफाइड राइस वितरण के बारे में भी बताया तथा भिन्न प्रकार के दूध एवं दूध उत्पाद, फल एवं सब्जियों, पेयपदार्थ, चावल की शुद्धता की जांच करने संबंधित तरीकों के बारे में अवगत कराया। इस व्याख्यान में वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और खाद्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से लाभान्वित हुए।

# साकेत साहित्य परिषद का रजत जयंती समारोह कल

## परिचर्चा,सम्मान समारोह ,पुस्तक विमोचन एवं कवि सम्मेलन होगा

राजनांदगांव (दावा)। सुरगी में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रथम सत्र में वैचारिक संगोष्ठी एवं रजत जयंती साकेत स्मारिका का विमोचन होगा। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले परिचर्चा का विषय 'संस्कारधानी राजनांदगांव की समृद्ध साहित्यिक परंपरा एवं साकेत' रखा गया है।

इस सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाषा बेहार, सचिव, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर होगी एवं अध्यक्षता डॉ. दादू लाल जोशी, वरिष्ठ साहित्यकार, राजनांदगांव करेंगे। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. पीसी लाल यादव वरिष्ठ साहित्यकार गंडई ,आत्माराम कोशा अमात्य,अध्यक्ष ,छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला इकाई राजनंदगांव, सुरगी ,डॉ. दीनदयाल साहू ,संपादक, चौपाल ,हरिभूमि रायपुर उपस्थित रहेंगे ।इसमें आधार वक्तव्य कुबेर सिंह साहू का होगा ।

स्वागत उद्बोधन ओम प्रकाश साहू अंकुर, अध्यक्ष ,साकेत साहित्य परिषद सुरगी एवं संचालन महेन्द्र कुमार बघेल मधु करेंगे ।द्वितीय सत्र में रजत जयंती साकेत सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 1बजे से आयोजित होगा। इस सत्र के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद राजनांदगांव होंगे एवं अध्यक्षता सचिन सिंह बघेल, अध्यक्ष ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, राजनांदगांव करेंगे। विशिष्ट तिथि के रूप में कोमल सिंह राजपूत ,पूर्व उपाध्यक्ष ,कृषि उपज मंडी राजनंदगांव ,लीलाधर साहू जिला उपाध्यक्ष, भाजपा ,राजनांदगांव रोहित चंद्राकर ,अध्यक्ष ,भाजपा ग्रामीण मंडल, राजनांदगांव ,आनंद साहू, सरपंच, ग्राम पंचायत सुरगी , श्रीमती मधु सुकृत साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,सुरगी, मनोज साहू ,महामंत्री ,भाजपा ग्रामीण मंडल राजनांदगांव ,जीवनलाल साहू, अध्यक्ष, मंडल साहू संघ मुड़पार,सुरगी गुरु चरण सिन्हा ,सेक्टर प्रभारी ,भाजपा सुरगी ,कमलेश साहू अध्यक्ष ,ग्राम विकास समिति सुरगी उपस्थित रहेंगे। रजत जयंती साकेत सम्मान की कड़ी में चार संस्था को साकेत सम्मान प्रदान किया जाएगा जिसमें साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव (अध्यक्ष, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा)भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम (अध्यक्ष, कुंज बिहारी साहू)मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद (अध्यक्ष, डॉ. अशोक आकाश)को साकेत साहित्य सम्मान एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु लोक सांस्कृतिक संस्था 'धरती के सिंगार' भोथीपारकला, राजनांदगांव (संचालक, महेश्वर दास साहू)तिथि के रूप में डॉ.इकबाल खान ,अध्यक्ष, वनांचल साहित्य समिति मोहला,जयकांत पटेल, अध्यक्ष, प्रेरणा साहित्य समिति बालोद, ग्वाला प्रसाद यादव नटखट, अध्यक्ष, पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा , छुरिया ,संतोष ठाकुर अध्यक्ष, हस्ताक्षर सहित समिति दल्ली राजहरा ,इंद्रजीत दादर ,अध्यक्ष ,छत्तीसगढ़ कलमकार मंच भिलाई की उपस्थिति रहेगी।इस सत्र का संचालन वरिष्ठ कवि वीरेंद्र कुमार तिवारी वीरू ,रोशन लाल साहू एवं पवन यादव पहुना करेंगे।

रजत जयंती समारोह को सफल बनाने हेतु साकेत सहित परिषद सुरगी के पदाधिकारी एवं सदस्य गण जुटे हुए हैं। परिषद के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू अंकुर, संरक्षक कुबेर सिंह साहू , मान सिंह ठाकुर,सचिव राजकुमार चौधरी रोना कोषाध्यक्ष थनवार निषाद सचिन, पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर, उपाध्यक्ष शंतू राम गंजीर,पवन यादव पहुना, वरिष्ठ साहित्यकार प्यारे लाल देशमुख,वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू, महेन्द्र कुमार बघेल मधु,सहसचिव डोहर दास साहू।

# कलेक्टर ने जनऔषधि केन्द्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित कराने के दिए निर्देश

बालोद (दावा)। जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कलंगपुर में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र का संचालन होने से क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। जनऔषधि केन्द्र में आम जनों को 50 से 90 प्रतिशत की छूट पर दवाइयां और सर्जिकल उपकरण मिल रही है। जनऔषधि केन्द्र का संचालन सेवा सहकारी समिति कलंगपुर द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जनऔषधि केन्द्र कलंगपुर का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ उपलब्ध दवाइयों आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र में उच्च गुणवत्तायुक्त दवाइयां और सर्जिकल उपकरण उपलब्ध है। जिसका लाभ क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा दिलाएं। उन्होंने वहाँ सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध कराने हेतु काउंटर स्थापित करने तथा जनऔषधि केन्द्र के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# रेलवे ने इंटरलॉकिंग का कार्य हेतु दक्षिण पूर्व मध्य की गाड़ियों के मार्ग में किया परिवर्तित



राजनांदगांव (दावा)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के कसारा स्टेशन में प्लेटफार्म के विस्तार एवं चौड़ीकरण हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार हैः-

## परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियाँ

01. दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जलगाँव-नंदुरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते एलटीटी जाएगी।

02. दिनांक 18 अक्टूबर 2024 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12810 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जलगाँव-नंदुरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते सीएसएमटी जाएगी। 03. दिनांक 19 अक्टूबर 24 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जलगाँव-नंदुरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते सीएसएमटी जाएगी।

04. दिनांक 19 अक्टूबर 24 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20822 सांतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मनमाड-अहमदनगर-दौंड कॉर्ड लाइन के रास्ते पुणे जाएगी।

# योग वेदांत सेवा समिति द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में व्यसनमुक्ति अभियान के साथ सामग्री वितरण सेवा





राजनांदगांव (दावा)। श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा इन दिनों दीपावली के अवसर पर बीहड़ आदिवासी क्षेत्रों में पहुंचकर गरीब असहाय लोगो की सेवा की जा रही है । दीपावली पर्व के निमित्त पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से उनके साधक गांव-गांव, बीहड़ आदिवासी क्षेत्रों में पहुंचकर भंडारा व जरूरत की सामग्री देकर उनके चेहरे में खुसी लाने की सेवा कर रहे है साथ ही व्यसनमुक्ति का अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें व्यसन से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से बताकर व्यसन छोड़ने का संकल्प कराया जा रहा है । व्यसनमुक्ति अभियान का जबरदस्त असर देखने को मिल रहा है लोग स्वस्थ्य सुखी व सम्मानित जीवन बिताने के लिए व्यसन का त्याग करने का संकल्प ले रहे है।

## आदिवासी क्षेत्रों के बारह सौ परिवारों में छाई खुसी

श्री योग वेदान्त सेवा समिति के प्रमुख रोहित चंद्राकर, टीके चंद्राकर एवं संजय साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से वनांचल आदिवासी क्षेत्रो में सामग्री वितरण व भंडारे का आयोजन करते है । इस बार यह आयोजन 10 अक्टूबर से शुरुआत की गई जो दीपावली तक अनवरत चलते रहेगी । 10 अक्टुबर को मोहला क्षेत्र, 13 को मनगटा, 15 को गंडई, 17 को छुरिया इस तरह दीवाली तक डोंगरगढ़, खैरागढ़, डोंगरगांव क्षेत्रो में भंडारे का आयोजन अनवरत जारी रहेगा । अब तक बारह सौ गरीब परिवारों के घरों में जीवनोपयोगी सामग्री में अनाज, बर्तन, कपड़े, कम्बल, बच्चे व बड़ो के लिए कपड़े, महिलाओ के लिए साड़ियाँ, तेल, दीपक, बाती, मिठाइयां, फल, चप्पल, राशन समान, सब्जी, नए वर्ष के कैलेंडर, लॉकेट, इत्यादि सामग्री के साथ हरिनाम जप के लिए आसान, माला भी वितरण किया जा रहा है ताकि दीवाली के दिन इन वस्तुओं के उपयोग कर नए कपड़े व मिठाई खाकर, दीप जलाकर दीवाली मना सके ।

पूज्य बापूजी कहते है की अपने दुख में रोनेवाले मुस्कुराना सीख ले, दूसरों के दुःख दर्द में आंसू बहाना सीख ले । आप खाने में मजा नहीं जो औरों को खिलाने में है, जिंदगी है चार दिन की तू किसी के काम आना सीख ले । इन्ही संदेश को अपने जीवन में उतरते हुए श्री योग वेदांत सेवा समिति के सेवादार कर्तव्य-निष्ठा पूर्वक गरीब असहाय लोगो की सेवा में लगे हुए है ।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के टीके चंद्राकर, दिलीप सिन्हा व प्रवीण चक्रधारि ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतिवर्ष दीवाली पर्व पर इस तरह के आयोजन किये जाते है । मोहला समिति के द्वारा मोहला-मानपुर के क्षेत्रों में जरूरतमंदों में सामग्री वितरण किया गया उसी तरह गंडई समिति द्वारा आदिवासी क्षेत्र डन्डुटोला में जहां ना बिजली है न सड़क है ऐसे जगह पर भी ट्रैक्टर की मदद से साधक पहुंचकर जरूरतमंदों की सेवा की गयी । उसी तरह मनगटा के पहाड़ी क्षेत्र में बसे पहाडीपाट मन्दिर में दरिद्रनारायणो को एकत्रित कर सामग्री वितरण किया गया । छुरिया के बीहड़ क्षेत्र ग्राम-जोब में भी भंडारे का आयोजन किया गया । राजनांदगांव जिले में अब तक बारह सौ परिवारो तक सामग्री पहुंचाने की सेवा किया जा चुंका है । पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से पूरे साल भर विभिन्न सेवाएं किये जाते है जिसमे बच्चों के लिए योग व उच्च संस्कार, युवाओ के लिए तेजस्वी शिविर, महिलाओ के लिए महिला सशक्तिकरण, दिव्य शिशु संस्कार, व्यसन मुक्ति कार्यक्रम जैसे अनेको कार्यक्रम निरंतर चलाये जा रहे है । इसी तरह दीपावली पर्व के समय भंडारे व सामग्री वितरण की सेवा पूरे देश भर की समितियां करती है । जिसमे करोड़ो लोग लाभान्वित हो रहे है ।

भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम दीपक प्रज्वलित किया जाता है फिर गुरुवंदना, भगवन्नाम संकीर्तन एवं देवमानव हास्य प्रयोग किया जाता हैं जिसमें उपस्थित जनसमुदाय बहुत आनंदित होते है। सभी को पंक्तिबद्ध बिठाकर उन्हें भोजन से तृप्त किया गया । इसके बाद जीवनोपयोगी सामग्री जरूरतमंद परिवारों में वितरण किये जाते है ।

दीवाली की मिठाई, कपड़े, बर्तन, राशन, दक्षिणा आदि पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठते है । सभी ने हृदयपूर्वक इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे है । सैकड़ों की संख्या में लोगों ने व्यसन छोड़कर रोज भगवन्नाम जप-संकीर्तन करने का संकल्प लिया ।

# कलेक्टर ने ली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेन्दाकोड़ो की समीक्षा बैठक



मोहला (दावा)। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेन्दाकोड़ो विकासखण्ड मोहला की समीक्षा बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कार्यालय मोहला-मानपुर-अं.चौकी के सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में विजेन्द्र सिंह पाटले अपर कलेक्टर, फत्तेराम कोसरिया जिला शिक्षा अधिकारी, राजेन्द्र कुमार देवांगन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मोहला, खोमलाल वर्मा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा मोहला, श्रीमती धनेश्वरी कोड़ापे अधीक्षिका कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेन्दाकोड़ो, हेमंत कुमार नेताम अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, लुबेल चिरामें सदस्य शाला प्रबंधन समिति, राम्हूराम मंडावी पालक, योगेश्वर रावटे पालक, श्रीमति अनिता मरकाम सदस्य शाला प्रबंधन समिति, श्रीमती अंजोरी बाई कोमरे पालक, श्रीमती सरिता हारमें पालक, श्रीमती शशिकला कोर्राम पालक उपस्थित थे।

बैठक में सत्र 2019-20 से 2023-24 तक आडिट रिपोर्ट पर चर्चा किया गया। संस्था में कक्षावार प्रवेशित दर्ज संख्या, संस्था में स्वीकृत/कार्यरत/रिक्त पद की जानकारी लिया गया। पार्ट टाइम टीचर हेतु वाक इन इंटरव्यू के द्वारा चयन करने का निर्देश दिया गया। बच्चों को शारीरिक विकास के हेतु पौष्टिक भोजन के रूप में अण्डे, सोयाबीन बड़ी व मांसाहारी भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विद्यार्थियों को सत्र 2024-25 में वितरित आवश्यक सामग्री साबुन, तेल, तौलिया, शाला गणवेश, ब्लेजर, स्वेटर आदि के संबंध में पालको से चर्चा किया गया। शाला प्रबंधन समिति के बैठकों की जानकारी लिया गया। अधीक्षिका द्वारा प्रतिमाह बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराने की जानकारी दिया गया। त्रैमासिक आंकलन में दर्ज 100 बालिकाओं में 37 ए ग्रेड, 38 बी ग्रेड, 12 सी ग्रेड, एवं 13 डी ग्रेड से उत्तीर्ण हुए हैं। सी एवं डी ग्रेड प्राप्त बालिकाओं को कोचिंग कराकर ए या बी ग्रेड में लाने का योजना बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्रपति भवन दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेन्दाकोड़ो विकासखण्ड मोहला की होनहार छात्रा कुमारी वर्षा सुधाकर से सौजन्य मुलाकात करने पर कलेक्टर द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

शाला में प्रवेश उत्सव, पालक सम्मेलन, वार्षिक उत्सव एवं न्योता भोजन कराने के लिए प्रसन्नता व्यक्त किया गया। कक्षा 8वीं में दर्ज 43 बालिकाओं को प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु कोचिंग कराने हेतु निर्देश दिया गया। साफ-सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल-कूद के लिए बालिकाओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए दो सदनों में विभाजित कर प्रतियोगिता आयोजित करें। एक्सपोजर विजिट में बालिकाओं को विगत वर्ष मैत्री बाग भिलाई एवं उर्जा पार्क राजनांदगांव का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया था। इस सत्र में भी बालिकाओं को शैक्षणिक भ्रमण कराने का निर्देश दिया गया।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरुकता रथ हुआ रवाना

बालोद (आरएनएस)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया है।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेदाम ने बताया कि उक्त वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखण्डों में भ्रमण कर लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाहन में नशा पीड़ितों हेतु नशामुक्ति केन्द्र के संबंध में भी जानकारी प्रसारित की गई है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में नशामुक्ति अभियान का बेहतर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

# दर्री में धूमधाम से मनाया गया शारदा उत्सव




डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम दर्री में शारदीय नवरात्रि के पर्व को श्रद्धा भक्ति भाव पूर्ण रूप से मनाया गया. इस अवसर पर ग्राम के झंडा चौक शारदा उत्सव समिति के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन पूजा अर्चना की गई. वहीं दर्री भांठापारा सरस्वती उत्सव समिति द्वारा भी मां शारदा की प्रतिमा स्थापना कर भक्ति भाव से पूरे नवरात्रि में पूजा अर्चना की गई. इस अवसर पर दोनों ही समितियों द्वारा भोजन भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सहित आसपास के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शारदा उत्सव समिति के तत्वावधान में रात्रि में रंग छत्तीसगढ़ सुरगी वालों का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के डोंगरगांव जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र साहू, शरद वैष्णव, ग्राम पटेल लक्ष्मण राजपूत, नरेश साहू सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने छग के कार्यों को सराहा

## सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे का रायपुर में हुआ भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे का रायपुर आगमन पर न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, उपाध्यक्ष हफीज खान व सचिव एआर खान द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

छग अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान ने बताया कि धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य का छत्तीसगढ़ आगमन हुआ। वह अल्पसंख्यकों के शैक्षणिक एवं आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए किए गए कार्यों की जानकारी एवं अल्पसंख्यक समुदाय से मिलने के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। राजधानी के नवीन सर्किट हाउस में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा, उपाध्यक्ष हफीज खान, सचिव एआर खान ने स्वागत कर अल्पसंख्यक लोगों के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। मदरसा में पढ़ाई जाने वाले शिक्षकों के वेतन को केंद्र सरकार द्वारा नहीं दिए जाने व बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं दिए जाने, उर्दू शिक्षकों की भर्ती नहीं होने के कारण उर्दू पढने वालों में शिक्षा में आ रही कठिनाई को लेकर जानकारी दी गई।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग ने जैन समाज के मुनियों को पैदल आगमन पर इसकी सुरक्षा के लिए प्रोटोकॉल महेंद्र छाबड़ा, हफीज खान व अनिल जैन द्वारा शासन से आदेश जारी कराया गया। साथ ही स्कूल में पढने वाले अल्पसंख्यक बच्चों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार जो अधिकतम अंक पाए उन बच्चों को उनके जिले में जाकर जानकारी (विजिट) किया जा रहा है के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही गुरुद्वारा, मंदिर, बौद्ध धर्म, ईसाई धर्म, मुस्लिम धर्म के लोगों से मुलाकात कराई गई। अल्पसंख्यकों के मामले को लेकर अवगत होने पर सदस्य ने अल्पसंख्यक आयोग द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

## छत्तीसगढ़ को मिला 'पुलिस कलर्स': सीएम साय ने गृह मंत्रालय और राष्ट्रपति का जताया आभार



रायपुर। छत्तीसगढ़ पुलिस को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा 'भारत के महामहिम राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स' प्रदान किया गया है। इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गृह मंत्रालय, भारत सरकार को 'भारत के महामहिम राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स' प्रदान किए जाने की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महामहिम राष्ट्रपति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि, यह सम्मान छत्तीसगढ़ पुलिस की माओवाद, कानून-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय सेवा और शौर्य का प्रतीक है। इससे हमारे पुलिस बल का मनोबल बढ़ेगा और वे राज्य की सुरक्षा के लिए और भी उत्कृष्ट कार्य करेंगे।

# भाजपा के सदस्यता अभियान ने गति पकड़ी

## सक्रिय सदस्यता अभियान का भी शुभारंभ हुआ



राजनांदगांव (दावा)। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का सदस्यता अभियान अब अंतिम चरणों की ओर बढ़ चला है। राजनांदगांव भाजपा का सदस्यता अभियान अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 15 अक्टूबर की अंतिम तिथि के बाद भी सभी नेताओं ने सदस्यता अभियान जारी रखा हुआ है, और तय समय 30 अक्टूबर तक अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का जुनून प्रत्येक नेता में अब दिखने भी लगा है।

आगामी नगर निगम चुनाव की दृष्टि से भी वार्ड के पार्षद प्रत्याशी सदस्यता अभियान में जी जान से लगे हुए हैं, इसके साथ ही अगली कड़ी की शुरुआत करते हुए सक्रिय सदस्यता अभियान का आगाज आज भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में किया गया। सक्रिय सदस्यता अभियान शुभारंभ अवसर के इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सदस्यता अभियान के प्रभारी सचिन बघेल, राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, रघुवीर वाधवा, तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, किशुन यदु, रामकुमार गुप्ता, बोधी साहू, बोधन साहू, अजय पटेल, रोमी भाटिया, राकेश अग्रवाल, मुकेश बघेल, गुलशन हिरवानी, सुमीत भाटिया, रविन्द्र रामटेके, हकीम खान, परदेशी सोनबोईर, पप्पी भाटिया, आशु, त्रिगुण टांक, मनोज साहू, सुखलाल धारगावे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सालिकझिटिया स्कूल में जागरूक बच्चों की गंभीर शिकायत

## हिन्दू धर्म विरोधी बातें करते हैं शिक्षक, मामला तूल पकड़ता देख शिक्षक ने मांगी माफी




डोंगरगांव (दावा)। ग्राम सालिकझिटिया के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में एक शिक्षक द्वारा स्कूली बच्चों को हिन्दू धर्म के विरोध में कही गई बातें काफी महंगी पड़ गयी। मिली जानकारी के अनुसार और विद्यार्थियों की शिकायत है कि ब्लॉक के ग्राम सालिकझिटिया मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक रमेश कुमार सहारे द्वारा शाला में पढ़ने वाले बच्चों को हिन्दू धर्म के विरूद्ध अनेक बातें कही जा रही हैं।

स्कूली बच्चों की शिकायत के अनुसार उनके शिक्षक शिवलिंग में थूक लगाकर बेलपत्र चढ़ाने, कड़ा या मौली धागा नहीं बांधने, तिलक नहीं लगाने, माता तुलसी का विवाह नहीं कर पाये तो तुम्हारा विवाह कैसे होगा, मां सरस्वती की पूजा करने पर सहित हिन्दू धर्म मानने वाले बच्चों को विभिन्न गीतों आदि के माध्यम से चिढ़ाते हैं और देवी देवताओं का मजाक उड़ाते हैं, जिससे ये विद्यार्थी आहत हैं। काफी दिनों से यह बात बच्चों के बीच चल रही थी, लेकिन बच्चे अपने पालकों और स्कूल प्रबंधन तक यह बात नहीं पहुंच पाई थी। स्कूली बच्चों में चल रही चर्चा और सुगबुगाहट बजरंग दल के कार्यकर्ताओं तक पहुंची और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने अनेक बच्चों से चर्चा कर पूरी बात सुनी, जिसके बाद मामला तूल पकड़ लिया। बच्चों की शिकायत के बाद बजरंग दल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शाला पहुंचकर विरोध दर्ज किया और संबंधित शिक्षक से बात की।

इस दौरान सुशील सेन बजरंग दल के जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सहमंत्री नंदू साहू, अर्जुनी प्राचार्य पद्मलोचन शर्मा, मीडिया टीम और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष उक्त शिक्षक ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए सभी से मांफी मांगकर इस प्रकार गलती की पुनरावृत्ति नहीं करने की बात कही लेकिन मामला आस्था और हिन्दू धर्म से जुड़ा हुआ है और किसी के आस्था को चोट पहुंचाना काफी गंभीर विषय है इसलिए यह मामला तूल पकड़ सकता है।

मामले में ग्राम के सरपंच रेशम लाल साहू ने बताया कि घटना की जानकारी मुझे आज ही मिली है, जिसमें शिक्षक व्दारा हिन्दू धर्म के खिलाफ बच्चों से अभद्र बातें कही जा रही है जो अनुचित है। इस तरह बच्चों को शिक्षा नहीं देनी चाहिए, इस मामले में कार्यवाही करने के लिए ग्राम, पंचायत, शाला प्रबंधन समिति सभी मिलकर कानूनन कार्यवाही के लिए शिकायत करेंगे। ग्राम पटेल गणेशराम साहू ने इस मामले में कहा कि बच्चों से उक्त शिक्षक द्वारा अर्नगल शिक्षा दी जा रही है, इसके लिए शीघ्र ही उचित कार्यवाही किया जाना चाहिए।

# पेंड्रीकला सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले में हो रही सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आए दिन यहां सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जानें जा रही हैं, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरा सवाल खड़ा उठ रहा है। खासकर खैरागढ़ से राजनांदगांव के बीच का रास्ता, जिसमें पेंड्रीकला क्षेत्र शामिल है, अधिकतर दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है, यह ग्राम दुर्घटना जन्य क्षेत्र बन गया है।

### खैरागढ़ क्षेत्र में बढती हुई दुर्घटनाओं पर सवाल

### गुरूवार की रात पेंड्रीकला में एक भयावह सड़क हादसा हुआ

जानकारी अनुसार, खैरागढ़ से राजनांदगांव की ओर एक बड़ी गाड़ी तेज रफ्तार में जा रही थी। उसी समय मोटरसाइकिल सवार तारण गोंड जो अपने गांव बढ़ईटोला लौट रहा था, की अचानक एक बड़ी गाड़ी से टकरा गए। टक्कर के बाद तारण अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े। पीछे से आ रही दूसरी ट्रक ने अचानक तारण को देखते हुए ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन रफ्तार पर काबू पाना संभव नहीं हो पाया। नतीजतन ट्रक ने सीधे तारण गोंड के ऊपर चढ़कर उन्हें रौंदते हुए मौत के घाट उतार दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान

इस हादसे ने एक बार फिर प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों से स्थानीय निवासियों में डर और भय व्याप्त है। लोगों का मानना है, कि प्रशासन को सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। जैसे कि उचित सिग्नल, यातायात नियमों का पालन और जागरूकता कार्यक्रम।

### कब रूकेगी सड़क हादसे, क्या प्रशासन इसे रोकने कोई कदम उठाएगी

अगर इसी तरह सड़क दुर्घटनाएं जारी रहीं, तो न केवल मानवीय जीवन का नुकसान होगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होगी। इस तरह के हादसों को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन को तत्काल कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक घटनाओं से बचा जा सके। सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

# आईजी, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने डोंगरगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल का किया आकस्मिक निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने डोंगरगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम खुर्सीपारखुर्द, खोलारघाट, कौहापानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में मिल रही शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत की और बच्चों से पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में मिल रहे मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को मिल रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की और विद्यालय का निरीक्षण भी किया। शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने, बच्चों को अनुशासित रखने के साथ-साथ उन्हें विषयों की जानकारी देने तथा विद्यालयों को स्वच्छ लिए रखने के आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों, गर्भवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को मिलने वाले रेडी टू ईट तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों, कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी ली और नन्हें बच्चों से बातचीत की।

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस (7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।

-: बग्गा ट्रेवल्र्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

# विशेषज्ञों की सेवाएं आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में उपलब्ध




राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल स्थित सतनाम भवन नया बस स्टैंड के पास जी रोड में विश्व स्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु उपलब्ध रहेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ.नवीन राम दारूका, वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के साहू, नस मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ.नमन पिंचा एवं निःसंतानता एवं कॉस्मेटिक गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. रैनी अग्रवाल (मुंबई) तथा चर्म रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

# कायस्थ समाज के वरिष्ठजन छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिले



राजनांदगांव ( दावा )। लाडले विधायक डॉ रमन सिंह के जन्मदिन पर कायस्थ समाज ने बधाई दी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ आरक्षण व अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी वरिष्ठ जन मौजूद थे।

# संस्कारधानी की पुलिस ने बनाया 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स'

## ऑपरेशन नवा बिहान के तहत् 165 स्कूल/कॉलेजों एवं अन्य स्थानों में साइबर एवं नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान, सत्ताईस हजार 143 लोगों को एक साथ किया गया जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी की पुलिस ने आपरेशन नवां- बिहान के तहत 165 स्कूल/ कालेजों एवं अन्य स्थानों में साइबर व नशे के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान चला कर सत्ताइस हजार एक सौ तिरालीस लोगों को जागरूक कर गोल्डेन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह बनाई है। नवां बिहान के तहत उक्त जागरूकता अभियान में जिले के वरिष्ठ अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सी.ई.ओ., अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, उप पुलिस अधीक्षक, थाना/चौकी प्रभारीगण एवं जिले समस्त पुलिस स्टाफ द्वारा लोगों को जागरूक किया गया।

बता दें कि राजनांदगांव पुलिस द्वारा 5 अक्टु. से 19 अक्टुबर 2024 तक जिले में साइबर जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक शुक्रवार 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिलेभर में एक साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को आयोजित अभियान के दौरान 25000 पाम्पलेट का वितरण किया गया। उक्त अभियान के तहत 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स' की प्रदेश प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का विजिट किया गया। रिकार्ड प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स' सार्टिफिकेट एवं मेडल प्रदाय किया गया। बताते चलें कि पूरे प्रदेश में साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के नेतृत्व में यहां की पुलिस दिनांक 05.10.2024 से 19.10.2024 तक नवा बिहान के तहत् साइबर एवं नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान पखवाड़ा चला रही है। शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे एक साथ 'नवा बिहान' के तहत् पूरे जिले के विभिन्न 165 स्कूल/कॉलेजों/औद्योगिक संस्थानों एवं अन्य स्थानों में 27143 लोगों को साइबर अपराध एवं नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस के अधिकारियों एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी जिसमें पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सी.ई.ओ. सुश्री सुरुचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीतल बंसल, संयुक्त कलेक्टर खेम लाल वर्मा, ए.एस.पी. ऑप्स मुकेश ठाकुर, ए.एस.पी. राहुल देव शर्मा, एडीएम श्रीमती इंदिरा, एडीएम मारकण्डेय, नपुअ पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी आशीष कुंजाम, एसडीओपी दिलीप कुमार सिसोदिया, डीएसपी श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर डीसएसपी अजीत ओगरे एवं जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी व थाना स्टॉफ द्वारा जागरूकता अभियान में सम्मिलित होकर स्कूल/कॉलेजों/औद्योगिक संस्थानों के लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें इन अधिकारियों द्वारा बताया गया सायबर अपराध के मामले तेजी से बढ़े है। आज हर व्यक्ति, बच्चे, बूढे सभी मोबाईल फोन व इंटरनेट का उपयोग कर रहे है। आज कल सायबर क्रिमिनल सोशल मीडिया प्लेट फार्म के माध्यम से झूठी फेक प्रोफाईल बना कर नये-नये तरीके से लोगों से ठगी अथवा अन्य अपराध कर रहें है।



### सायबर अपराध पर जन जागरुकता

सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले प्रमुख अपराध जैसे सायबर बुलिंग, सायबर स्टाकिंग, सायबर ग्रुमिंग, चाईल्ड पोंनो ग्राफी के संबंध में बताया गया इसके अलावा वर्तमान में चल रहे शेयर मार्केट फ्रॉड/फेक ट्रेडिंग एप्प, सेक्सटार्शन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से फेक प्रोफाईल जैसे पुलिस अधिकारी, सीबीआई अधिकारी या अन्य कानूनी एजेंसी के नाम से लोगों अथवा उनके बच्चों को गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होना बताकर भयभीत कर केश समाप्त करने हेतु पैसो की मांग करना इसी बहाने विडियों कॉल के जरिये डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी देकर लोगों से पैसे ठगी करने के संबंध में बताया गया।

साथ ही उपस्थित छात्र/ छात्राओं / शिक्षकगणों या अन्य को सायबर फ्रॉड से बचने हेतु किसी प्रकार के लालच में न आने, अनजान व्यक्तियों से सोशल मीडिया में न जुड़ने हेतु बताया गया। इसके अलावा सोशल मीडिया एकांउट को सुरक्षित तरीके से प्रयोग करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया। साइबर ठगी होने पर अपराध की सूचना सायबर पोर्टल https://cybercrime.gov.in या सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 में ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने के अलावा अपने निकटतम पुलिस थाना या सायबर सेल जाकर रिपोर्ट करने के संबंध मे जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नवा बिहान के तहत् नशा के विरूद्ध नशा मुक्ति के संबंध में नारकोटिक्स/ड्रग्स/अवैध नशा से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में उपस्थित सभी शिक्षकगण, स्कूली छात्र/छात्राओं एवं लोगों को विस्तृत रूप से समझाते हुये बताया की नशा न केवल व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक नुकसान करता है बल्कि उसके परिवार में यक्ष को भी पतन की ओर धकेल देता है। समाज में अपराध की मुख्य वजह नशा ही माना गया है इसी लिये नशे से दूर रहने हेतु समझाईस दी गई और आस पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु कहा गया।

### गोल्डन बुक आफ रिकार्ड

इस प्रकार सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के दौरान 'नवा बिहान' के तहत जिले में सायबर जागरूकता एवं नशे के विरूद्ध 26318 छात्रा/छात्राओं एवं 825 कर्मचारीगण, शिक्षकगण इस प्रकार कुल 27143 लोगों को राजनांदगांव पुलिस द्वारा जागरूक किया गया साथ ही स्कूली बच्चों को 25000 हजार पाम्पलेट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में एक साथ एक समय पर एक जिले में इतने लोगों को जागरूक करने पर यह रिकार्ड के रूप में 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स' में दर्ज हो गया है जिसका प्रशस्ति पत्र की प्रदेश प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा दिया गया।

प्रदेश प्रभारी श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का विजिट कर अभियान के सफलता पूर्वक समाप्ति पश्चात श्रीमती सोनल राजेश शर्मा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय पहुंच कर पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को नवा बिहान के एक साथ एक समय पर एक जिले में सायबर अपराध एवं नशा मुक्ति के संबंध में जन-जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के फलस्वरूप 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स' सार्टिफिकेट एवं मेडल प्रदाय किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com